रोहतक
सोमवार, 15 जनवरी, 2024
पौष मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 27, अंक : 354
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 15.6
न्यून. 2.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मकर संक्रांति की मंगलकामनाएं






## खबर संक्षेप

### हिट-एंड-रनः मुआवजा बढ़ाने पर विचार करें

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को इस बारे में विचार करने का निर्देश दिया है कि 'हिट-एंड-रन' दुर्घटनाओं में मौत या गंभीर रूप से घायल होने के मामले में मुआवजे की राशि क्या सालाना बढ़ाई जा सकती है। शीर्ष कोर्ट ने सरकार को 8 हफ्तों में उपयुक्त निर्णय लेने को कहा और मामले को 22 अप्रैल के लिए निर्धारित कर दिया। भाषा

### आज चित्रकूट से शुरू होगी श्रीराम चरण पादुका यात्रा

**अयोध्या।** श्रीराम चरण पादुका यात्रा मकर संक्रांति से चित्रकूट से शुरू होगी, जो 19 जनवरी को रामनगरी अयोध्या पहुंचेगी। एक बयान के अनुसार चित्रकूट में भरतकूप स्थित कुंड से कलश में जल संग्रह और पादुका पूजन के साथ मकर संक्रांति के दिन यह यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा प्रयागराज, श्रृंगवेरपुर, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर होते हुए अयोध्या पहुंचेगी। भाषा

### चाइनीज मांझे से जवान और एक बच्चे की मौत

**हैदराबाद/अहमदाबाद।** हैदराबाद में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से सेना के जवान की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, गुजरात में पिता के साथ बाइक पर जा रहे 5 साल के बच्चे की पतंग के मांझे से गर्दन कट गई। बच्चे को हास्पिटल ले जाया गया, लेकिन इलाज शुरू होने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। भाषा

### एयरलाइन पर लगाए प्रताड़ना के आरोप

**मुंबई।** अभिनेत्री सुरभि चंदना ने एक एयरलाइन पर उन्हें 'मानसिक रूप से प्रताड़ित' करने का आरोप लगाया है। बाद में एयरलाइन ने अभिनेत्री को आश्वस्त किया कि उनके मुद्दे का समाधान कर दिया जाएगा। चंदना ने एक्स पर अपनी आप बीती बताई थी। भाषा

*ब्रेन स्ट्रोक होने पर 6 घंटे के अंदर इंजेक्शन लगवाना जरूरी*

# रोहतक पीजीआई में लकवाग्रस्त मरीजों को फ्री लगेगा टीका, बाजार में कीमत 35 हजार

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के आपातकाल विभाग में आने वाले ब्रेन स्ट्रोक/लकवे के मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। अब लकवे के मरीज को लगने वाले महंगे टीके टेनेक्टीप्लेस को पीजीआईएमएस मुफ्त में ही उपलब्ध करवाएगा। इससे मरीजों को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी। जब भी कोई ब्रेन स्ट्रोक/लकवे का मरीज आपातकालीन विभाग में पहुंचता है तो उसे चार से 6 घंटे के अंदर टीके लगाना होता है। इस टीके की कीमत बाजार में करीब 35,000 रुपये तक होती है। अभी तक यह इंजेक्शन मरीज को बाहर से ही खरीदवाया जाता था क्योंकि यह सप्लाई में नहीं आ पा रहा था। इसके चलते मरीजों को आर्थिक नुकसान हो रहा था।

**सुविधा**
न्यूरोलॉजी विभाग अध्यक्ष डॉ. सुरेखा डाबला बोलीं
■
मरीजों को लाभ मिलेगा, लकवा वाले मरीज तुरंत पीजीआई आएं



**इंजेक्शन का नाम टेनेक्टीप्लेस**
न्यूरोलॉजी विभाग के आईसीयू में तैनात चिकित्सक स्कोरिंग करके मरीज को 6 घंटे के अंदर यह इंजेक्शन टेनेक्टीप्लेस लगा देगा, जिससे स्ट्रोक आगे नहीं बढ़ेगा और धीरे-धीरे वह ठीक हो जाएगा।

**हर माह आते हैं 10-15 मरीज**
पीजीआईएमएस में एक माह में करीब 10 से 15 मरीज ब्रेन स्ट्रोक के आ जाते हैं। जैसे ही मरीज आपातकाल विभाग में पहुंचता है तो तुरंत चिकित्सक उसका सीटी स्कैन या एमआरआई करवाता है, जिससे पता चलता है कि मरीज को अंदर रक्त स्राव हो रहा है या नस ब्लॉक है। यदि मरीज की नस ब्लॉक होती है तो आपातकाल विभाग में तैनात मेडिसिन विभाग का चिकित्सक तुरंत न्यूरोलॉजी विभाग के आईसीयू में संपर्क कर मरीज को वहां पर रेफर करेगा।

**मरीज को पीजीआई लाएं**



हरियाणा सरकार का प्रयास है कि संस्थान में आने वाले हर मरीज को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। हमें इस सुविधा का लाभ उठाते हुए लकवा के मरीज को तुरंत पीजीआईएमएस के आपातकालीन विभाग में लाना चाहिए।
-डॉ. एसएस लोहचब, निदेशक, पीजीआईएमएस

*टेनेक्टेप्लेस लगने के बाद लकवा पर लगेगी रोक*

**मदद मिलेगी**



यह इंजेक्शन संस्थान में उपलब्ध हो गया है। इससे मरीजों को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी। लकवे के मरीज को किसी देशी वैद्य या नीम हकीम के पास न लेकर जाएं। इससे मरीज की हालत खराब हो सकती है। अब पीजीआईएमएस में मरीजों को टेनेक्टीप्लेस इंजेक्शन निःशुल्क लगाया जाएगा।
-डॉ. सुरेखा डाबला, अध्यक्ष, न्यूरोलॉजी विभाग, पीजीआईएमएस

## नौ जिलों में भीषण सर्दी, बच्चे और बुजुर्ग ज्यादा सावधानी बरतें

*अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, सोनीपत, पानीपत, सिरसा व फतेहाबाद में सर्दी का सितम*

# प्रदेश में ठंड का रेड अलर्ट नारनौल में पारा 2 डिग्री पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश में कई दिनों से भीषण ठंड का दौर जारी है। लोगों के हाड़ कंपकंपाने लगे हैं। ठंड से कहीं भी राहत नहीं मिल रही है। चंडीगढ़ मौसम विभाग ने रविवार को दोपहर दो बजे 9 जिलों के लिए कोहरे और ठंड का रेड अलर्ट जारी किया है। यह सीजन का तीसरा रेड अलर्ट है। रेड अलर्ट वाले जिलों में अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, सोनीपत, पानीपत, सिरसा और फतेहाबाद शामिल हैं। वहीं, हरियाणा में अधिकतर जिलों में सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ रहा। इसके कारण कई जिलों में हादसों की भी सूचना है। सुबह 8 बजे तक हालात ये रहे कि 20 मीटर दूर से भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। वहीं, कई जिलों का तापमान जम्मू और शिमला से भी कम रिकॉर्ड किया गया है। महेंद्रगढ़ का नारनौल प्रदेश में सबसे ठंडा रहा, यहां का न्यूनतम तापमान 2.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पंचकूला और चंडीगढ़ में भी रात का न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री रहा।



झज्जर में जमी ओस व पाला

**यह रहा तापमान**
नारनौल में सबसे कम तापतान 2.0 डिग्री रहा। चंडीगढ़ व पंचकूला का 2.7, भिवानी, गुरुग्राम व रेवाड़ी का 3.1, 3.4, फतेहाबाद का 3.7, हिसार का 3.9, अंबाला का 3.4, फतेहाबाद का 3.7, जींद का 3.5, करनाल का 4.7, रोहतक का 5.0 डिग्री दर्ज किया गया।

**रेवाड़ी में एक की मौत**
रेवाड़ी में जैसलमेर नेशनल हाइवे पर कनुका मोड़ के पास कोहरे के कारण आधा दर्जन वाहन टकरा गए। वाहनों में घायल लोगों के बचाव के लिए स्कूटी पर जा रहा एक सिक्योरिटी गार्ड दौड़ा, तो उसे पिकअप गाड़ी ने कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**उत्तर-पश्चिमी हवाओं से छूट रही कंपकंपी**
हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ.एमएल खिचड़ का कहना है कि हल्की गति से उत्तर पश्चिमी शीत हवाएं चलने की वजह से राज्य में दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी व रात्रि तापमान में हल्की गिरावट हो रही है। इस दौरान ज्यादातर क्षेत्रों अलसूबह धुंध रहने की संभावना है।

**दिल्ली में अंगीठी जलाकर सो रहे 6 लोगों की मौत**

इनमें 4 एक ही परिवार के
■
5 राज्यों में शीतलहर की चेतावनी, 22 ट्रेन लेट, 11 फ्लाइट डाइवर्ट

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के राज्यों में रविवार की सुबह घने कोहरे के साथ हुई। दिल्ली में अंगीठी जलाकर सोए 6 लोगों की मौत हो गई। इसमें 4 एक ही परिवार के हैं। कई इलाकों में जीरो विजिबिलिटी दर्ज की गई। न्यूनतम पारा 3.5 डिग्री सेल्सियस रहा। कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली 22 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। इसके कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

***दिन में धूप ने दी थोड़ी राहत :*** *मौसम में बदलाव के चलते आने वाले समय में घना कोहरा छाने और सीवियर कोल्ड डे रहेगा। मौसम विज्ञानियों के अनुसार प्रदेश में तापमान हर रोज बदल रहा है। सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा। उसके बाद धूप निकलने पर कुछ राहत मिली। मगर शाम को चली शीत लहर के चलते दोबारा ठंड बढ़ गई।*



## मंदिरों में सफाई अभियान शुरू नड्डा ने दिल्ली में लगाई झाड़ू

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भाजपा के अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने रविवार को मंदिरों और आसपास के इलाकों की सफाई के लिए राष्ट्रव्यापी 'स्वच्छ तीर्थ' अभियान की शुरुआत की और स्वयं मध्य दिल्ली के करोल बाग स्थित गुरु रविदास मंदिर की सफाई में श्रम दान दिया। केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने देश के विभिन्न हिस्सों में झाड़ू उठाकर मंदिरों और आसपास की सफाई की। पार्टी 22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में रामलला की प्रतिष्ठा के लिए माहौल बनाना चाहती है।

**पीएम ने किया था आह्वान**
पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान को देखते हुए भाजपा ने एक विस्तृत कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है। उसके अनुरूप भाजपा अब पूरे देश में मंदिरों और उसके परिसरों को गंदगी मुक्त करने के मिशन में जुट गई है। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर में, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर में और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन में श्रमदान किया।

**सुरक्षा के लिए 14,000 पुलिसकर्मी तैनात**

## मकर संक्रांति पर गंगा सागर में 65 लाख तीर्थयात्रियों ने लगाई डुबकी

**कोलकाता (एजेंसी)।** देशभर में मकर संक्रांति इस बार दो दिन मनाया जा रहा है। हर साल 14 जनवरी को मनाया जाता है। हालांकि, इस बार 15 जनवरी को भी मनाया जाएगा। इस बीच, मकर संक्रांति पर पंश्चिम बंगाल में गंगा सागर मेला क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राज्य के ऊर्जा और खेल विभाग के मंत्री अरूप विश्वास ने कहा बताया कि रविवार दोपहर तक 65 लाख तीर्थयात्रियों ने गंगा सागर में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया। सोमवार को यह संख्या और बढ़ेगी।

***45 निगरानी टावर बनाए गए***
*अरूप ने कहा कि 14,000 पुलिसकर्मी तैनात करने के साथ 45 निगरानी टावर बनाए गए हैं । 1,100 से अधिक सीसीटीवी लगाए गए हैं। तीर्थयात्रियों को नौकाओं के जरिए सागर द्वीप तक पहुंचाया जा रहा है, जबकि मुरीगंगा नदी पर 300 'फॉग लाइट' लगाई गई हैं। वरिष्ठ मंत्री ने कुंभ मेले की तरह गंगा सागर मेले को भी राष्ट्रीय मेला का दर्जा देने की राज्य सरकार की मांग दोहराई है।*

*सिर से निकली एक गोली, गुरुग्राम में होगा अंतिम संस्कार, होटल में की गई थी मॉडल की हत्या*

## प्लानिंग के तहत की गई दिव्या की हत्या, हिसार में हुआ पोस्टमार्टम

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** गुरुग्राम की मॉडल दिव्या पाहूजा के शव का हिसार के अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में रविवार को पोस्टमॉर्टम हुआ। इसके बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। दिव्या के सिर में एक गोली मिली है। पुलिस ने बिसरा लैब में जांच के लिए भिजवाया है। मेडिकल में पोस्टमार्टम के लिए डॉ मनोमहन सिंह, डॉ



सतीश कालिया सहित 4 डॉक्टर का बोर्ड गठित किया गया था। पोस्टमॉर्टम के दौरान वीडियो ग्राफी की गई, वहीं इससे पहले बॉडी का एक्सरे करवाया गया। करीब 2 घंटे में पोस्टमॉर्टम किया गया। इस दौरान जाखल, टोहाना व गुरुग्राम की पुलिस मौजूद रही। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन दिव्या का शव गुरुग्राम लेकर चले गए। वही पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। दिव्या की हत्या पूरी प्लानिंग के तहत की गई थी। दिव्या पाहूजा का शव हत्या के 12वें दिन फतेहाबाद के जाखल में भाखड़ा नहर से बरामद किया गया था।

**71 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस**

## मशहूर शायर मुनव्वर का लखनऊ में निधन

**लखनऊ (एजेंसी)।** मशहूर शायर मुनव्वर राना का रविवार को निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। राना की बेटी सोमैया राना ने बताया कि उनके पिता का रविवार देर रात लखनऊ स्थित संजय गांधी परास्नातक आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में निधन हो गया। वह काफी समय से गले के कैंसर से पीड़ित थे। राना को सोमवार को उनकी वसीयत के मुताबिक लखनऊ में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। सोमैया ने बताया कि उनके परिवार में उनकी मां, चार बहनें और एक भाई हैं।



जन्म : 26 नवंबर 1952
निधन : 14 जनवरी 2024

काफी समय से गले के कैंसर से पीड़ित थे
■
मां पर लिखी शायरियों से मिली खास पहचान
■
नज्म 'मां' का उर्दू साहित्य जगत में अलग ही स्थान

**कई बीमारियों से जूझ रहे थे**
2017 में लंग्स और गले में हुआ था इन्फेक्शन मुनव्वर राणा कई सालों से डायलिसिस किया जा रहा है। साल 2017 में भी सीने में दर्द की शिकायत हुई थी। लंग्स और गले में भी इन्फेक्शन था। इसके बाद इन्हें लखनऊ के एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था। उनके दोनों घुटने का भी ऑपरेशन हुआ है। किडनी की समस्याओं के चलते दिल्ली में भी उनका इलाज चल रहा था। मुनव्वर को साल 2014 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया था। हालांकि, साल 2015 में असहिष्णुता बढ़ने के नाम पर अवॉर्ड वापस कर दिया था।

**सियासत** राहुल बोले- पीएम मणिपुर के आंसू पोछने नहीं आए, ये शर्म की बात

*देश में हो रहा भारी अन्याय, हम आपकी सुनने आए हैं, मन की बात सुनाने नहीं*

# कांग्रेस ने मणिपुर से शुरू की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'

**इंफ़ाल (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को मणिपुर से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू की, जिसके जरिये पार्टी का प्रयास होगा कि लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को विमर्श के केंद्रबिंदु में लाए जाएं। इंफाल के बोथल से बस के जरिये यात्रा शुरू करने से पहले राहुल गांधी ने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकाली जा रही है, क्योंकि देशवासी भारी अन्याय का सामना कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी का लक्ष्य एक ऐसे भविष्य का दृष्टिकोण पेश करना है जो सद्भावना, समान भागीदारी और भाईचारे से भरा हो। राहुल ने यात्रा शुरू करने से पहले खोंगजोम युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। राहुल ने कहा, 2004 से राजनीति में हूं। पहली बार हिंदुस्तान के एक प्रदेश गया हूं जहां पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। जिसे आप मणिपुर कहते थे, वो अब रहा ही नहीं। प्रधानमंत्री आज तक यहां लोगों के आंसू पोंछने, हाथ पकड़ने नहीं आए। शायद भाजपा, आरएसएस के लिए मणिपुर देश का हिस्सा नहीं है।



**यात्रा में ये नेता शामिल**
राहुल के साथ अशोक गहलोत, सचिन पायलट, दिग्विजय सिंह, सलमान खुर्शीद, आनंद शर्मा और राजीव शुक्ला जैसे कई नेता मणिपुर पहुंचे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों को कवर करेगी। इसमें राहुल 6700 किमी का सफर तय करेंगे। यात्रा 20 मार्च को मुंबई में खत्म होगी।

**पहले निकाली थी भारत जोड़ो यात्रा**
राहुल ने 7 सितंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' निकाली थी। उनकी यह यात्रा 136 दिन चली थी।

## देवड़ा का कांग्रेस को बड़ा झटका शिवसेना शिंदे गुट में शामिल

**मुंबई (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा से पहले रविवार को मिलिंद देवड़ा ने शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल होकर कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। मिलिंद, दिग्गज कांग्रेसी नेता रहे मुरली देवड़ा के बेटे हैं। मिलिंद ने इस्तीफे की जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा-आज मेरे राजनीतिक सफर का एक महत्वपूर्ण अध्याय खत्म हुआ। मैंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ पार्टी के साथ मेरे परिवार का 55 साल पुराना रिश्ता भी खत्म हो गया। देवड़ा के पार्टी छोड़ने पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि इस्तीफे की टाइमिंग पीएम नरेंद्र मोदी ने तय की है। उनके पिता मुरली देवड़ा कांग्रेस के बड़े नेता थे। उनकी दोस्ती सभी पार्टियों से थी, लेकिन वे कांग्रेस के अटल और दृढ़ नेता थे।



■ मिलिंद बोले, कांग्रेस का एकमात्र लक्ष्य, पीएम के खिलाफ बोलना
■ जयराम ने कहा, इस्तीफे की टाइमिंग मोदी ने तय की

## खबर संक्षेप

### हरियाणा कैबिनेट की बैठक 30 जनवरी को

**चंडीगढ़।** हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में मंगलवार, 30 जनवरी, 2024 को सुबह 11 बजे, मुख्य समिति कक्ष, चौथी मंजिल, हरियाणा सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ में होगी।

### बसों से 22 को अयोध्या जाएंगे लोग : शर्मा

**चंडीगढ़।** परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी तक देश के सभी तीर्थ स्थलों में स्वच्छता रखने के उद्देश्य से विशेष अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत बल्लभगढ़ के प्राचीन पथवारी मंदिर में स्वयं साफ सफाई करते हुए शहरवासियों को दिया संदेश देते हुए कहा कि 22 जनवरी से पहले शहर के सभी मंदिरों और धार्मिक संस्थानों में की सफाई की जाएगी। परिवहन मंत्री ने कहा कि हरियाणा रोडवेज की बसों के माध्यम से 22 जनवरी के बाद हरियाणावासी अयोध्या नगरी के दर्शन कर सकेंगे।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार, केस

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने अवैध हथियार के मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम बंटी है जो मथुरा का रहने वाला है और फरीदाबाद में एनआईटी एरिया में रहता है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को अवैध हथियार सहित बीपीटीपी एरिया से काबू किया था। आरोपी के कब्जे से 1 देशी कट्टा बरामद किया गया। आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत में मामले में पूछताछ शुरू की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी अवैध हथियार के मुकदमे दर्ज हैं और वह पहले भी जेल जा चुका है।

### ऑनलाइन जुआ खेलते चार गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने ऑनलाइन जुआ खेलने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।क्राइम ब्रांच टीम गस्त पर थी गस्त के दौरान क्राइम ब्रांच टीम को अपने गुप्त सूत्रों से आरोपियों के ऑनलाइन जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर क्राइम ब्रांच टीम ने गांव नवादा की इंडस्ट्री एरिया में रेड कर 4 आरोपी को काबू किया। आरोपियों से मौके पर लैपटॉप, चार्जर, रिकोर्डर, डायरी, 3 चार्जर, 3 डाटा केवल, 10 मोबाइल व 4480 रुपये नगद बरामद किए गए हैं।

### वाहन चोरी के आरोप में दो काबू

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार की टीम ने वाहन चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जावेद और नफीस का नाम शामिल है आरोपी जावेद गांव तिलवाड़ा नूंह का आरोपी नफीस गांव सिंगार नूंह का रहने वाला है। दोनों आरोपी वाहन चोरी के मामले में दल्लिी की जेल में बंद थे। जहां से पुलिस प्रोडक्शन पर लेकर आरोपियों से पूछताछ के दौरान शहर में चोरी की वारदातों का खुलासा किया।

# हजारों वर्षों के संघर्ष के बाद फिर से खड़ा हो रहा हिंदुस्तान : भागवत

## भारत के विश्वगुरु बनने से पूरी दुनिया में अमन और शांति होगी कायम : डॉ. मोहन भागवत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

■ डॉ. भागवत ने स्वयंसेवकों से शाखाएं बढ़ाने का आह्वान किया

भिवानी रोड स्थित गोपाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत का तीन दिवसीय प्रवास रविवार को संपन्न हुआ। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को मकर संक्राति का पर्व मनाया गया। संघ वर्ष में छह पर्व मनाता है। इसमें मकर संक्रांति भी एक है। समापन कार्यक्रम में जींद नगर की शाखाओं के स्वयंसेवक मौजूद रहे। इस अवसर पर उनके साथ क्षेत्रीय संघचालक सीताराम व्यास, प्रांत संघचालक पवन जिंदल व विक्रमगिरी महाराज भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने कहा कि हमें समाज को संगठित करने के लिए अधिक तेजी से कार्य करना होगा।

जब संपूर्ण राष्ट्र एकमुष्ठ शक्ति के साथ खड़ा होगा तो दुनिया का सारा अमंगल हरण करके यह देश फिर से विश्व गुरु बनकर खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि जो विश्व के सामने संकट खड़े हैं। भारत के विश्वगुरु बनने से वह सब शांति, उन्नति को प्राप्त करेंगे। सारी समस्याओं को ठीक करते हुए सब राष्ट्र अपनी-अपनी विशिष्ठता के आधार पर अपना जीवन जीते



जींद। स्वयंसेवकों को संबोधित करते आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत।



जींद। कार्यक्रम में मौजूद जींद नगर की शाखाओं के स्वयंसेवक।

हुए मानवता के जीवन में, सृष्टि के जीवन में अपना योगदान करते रहें ऐसा एक आदर्श विश्व खड़ा करने की ताकत हिंदुओं की सगंठित अवस्था में है उसी के चलते मंदिर बन रहा है। मंदिर बनने का आनंद है और आनंद करना चाहिए। अभी और बहुत काम करना है लेकिन साथ में यह भी ध्यान रखेंगे कि जिस तपस्या के आधार पर यह काम हो रहा है वह तपस्या हमें आगे भी जारी रखनी है। जिसके चलते संपूर्ण गंतव्य की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि समाज में तीन शब्द चलते हैं क्रांति, उतक्रांति, संक्रांति तीनों का अर्थ परिवर्तन है। परंतु परिवर्तन किस तरीके से आया उसमें अंतर आता है। संक्रांति हमारे यहां आदि काल से प्रचलित है। बड़े-बड़े कार्य स्व के आधार पर सत्य के आधार पर होते हैं। उनका जीवन शुद्ध, निष्कलंक, सतचरित्र था, विरोधी भी उनका सम्मान करते थे। अविचल दृढ़ता के साथ जो ध्येय निश्चित किया पूरा विचार करके उसकी सिद्धी के लिए डॉक्टर साहब अकेले चल पड़े और आगे चल कर बाकी सारी बातें धीरे-धीरे जुड़ गई। डॉक्टर साहब के सत्व, निश्चय को देखकर इस तपस्या को आगे जारी रखने के लिए संघ की पद्धति से हजारों स्वयंसेवक खड़े हुए। ये जो दीर्घ तपस्या चली है, उसके कारण देश के जीवन में जो परिवर्तन आने ही वाला है उसका प्रारंभ का संकेत श्रीराम मंदिर है। जैसे संक्रांति के बाद अच्छा परिवर्तन आता है। ठंड कम होकर गर्मी बढ़ती है और लोगों की कर्मशीलता बढ़ती ठीक उसी प्रकार देश के जीवन में भी अच्छा परिवर्तन आने वाला है।

डा. भागवत ने कहा कि भारतवर्ष का शील वसुधैव कुटुम्बकम। दुनिया की ज्यादातर संस्कृति अपने शील के साथ मिट गई लेकिन हिंदू हर प्रकार के उतार-चढ़ाव से निकल कर भी जिंदा हैं। इतनी सारी भाषाएं, देवी, देवता, विविधि पंथ होने के बाद भी उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम भारतवर्ष का व्यक्ति एक बात को मानता है कि हमें ऐसे जीना है कि हमको देख कर दुनिया जीना सीखें।

### वर्षों का सपना अब होने जा रहा है पूरा

हिंदू समाज के मन में था इसलिए गुलामी का प्रतीक ढहाया गया। इसके अलावा अयोध्या में किसी भी मस्जिद को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ। कार सेवकों ने कहीं दंगा नहीं किया। हिंदू का विचार विरोध का नहीं प्रेम का रहता है। इसे संक्रांति कहते हैं।

### पंच परिवर्तन का आह्वान

डा. मोहन भागवत ने जींद नगर के स्वयंसेवकों से शाखा के माध्यम से पंच परिवर्तन के विषय स्व का बोध अर्थात स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन ये पंच परिवर्तन के कार्यों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन पंच परिवर्तन के कार्यों से ही समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। डा. भागवत ने स्वयंसेवकों से शाखाएं बढ़ाने का आह्वान भी किया। इस समय हरियाणा में 800 स्थानों पर 1500 शाखाएं चल रही हैं।

## मुख्यमंत्री आवास पर श्री राम भजन संध्या का आयोजन

# मकर संक्रांति पर संत कबीर कुटीर 'राममय'

**मुख्यमंत्री ने विशेष तौर पर अंत्योदय परिवारों के बच्चों को किया था आमंत्रित हरियाणा व पंजाब के राज्यपाल भी कार्यक्रम में पहुंचे**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

■ प्रसिद्ध गायक कन्हैया मित्तल ने भगवान श्रीराम के जीवन की महिमा का किया गुणगान

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री आवास राममय नजर आया। इस अवसर को और भी खास बनाने के लिए संत कबीर कुटीर पर श्रीराम भजन संध्या का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि राज्य के अंत्योदय परिवारों के बच्चों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। भजन संध्या में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब के राज्यपाल व यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बच्चों के साथ मकर संक्रांति का त्योहार मनाया।भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल ने अपने भजनों की विशेष प्रस्तुति दी। अंत्योदय परिवारों के बच्चों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह मकर संक्रांति उनके जीवन में सदैव स्मरणीय रहेगी वहीं उनके दिलों में एक विशेष स्थान बनाए रखेगी। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनके जीवन में कभी ऐसा क्षण आएगा, जब उन्हें मुख्यमंत्री के आवास पर जाने का मौका



चंडीगढ़। कार्यक्रम में दीप प्रज्जवलित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।



चंडीगढ़। विशेष बच्चों के साथ त्योहार मनाते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

मिलेगा। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बच्चे खुशी से झूमते नजर आए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मकर संक्रांति की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदू संस्कृति के अनुसार मकर संक्रांति का यह दिन विशेष महत्व रखता है, ऐसा माना जाता है कि इस दिन से सूर्य की किरणें उत्तरायण की ओर आती हैं, जिसका अर्थ होता है कि अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ना। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में भगवान श्री राम लला विराजमान होंगे। प्रधानमंत्री ने आह्वान किया है कि 14 जनवरी से ही देशभर में वातावरण को राममय करना है, इसलिए मंदिरों में स्वच्छता व सौंदर्यता बनाए रखें। यह पहला अवसर है जब राज्य के किसी मुख्यमंत्री ने समाज के अंतिम पायदान के अंतिम पंक्ति में खड़े परिवारों के बच्चों को अपने आवास पर मकर संक्रांति के पावन पर्व के लिए आमंत्रित किया है। इस दिन की स्मृति निस्संदेह अंत्योदय परिवारों के बच्चों के दिलों में बनी रहेगी, और उन्हें याद दिलाएगी कि वे भी सामाजिक ताने-बाने का एक अभिन्न अंग हैं।

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी भजन सुनाया :** भजन संध्या के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी चंदन है इस देश की माटी, तपोभूमि हर ग्राम है, हर बाला देवी की प्रतिमा, बच्चा बच्चा राम है भजन सुनाया। उन्होंने इस भजन को अंत्योदय परिवारों के बच्चों को समर्पित किया।

## 376 जगह छापेमारी, 158 बिजली चोरी के मामले पकड़े

### हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई

**चंडीगढ़।** हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो तथा हरियाणा पावर यूटिलिटी द्वारा प्रदेश में 13 जनवरी को बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रदेश में कमर्शियल तथा डोमेस्टिक मिलाकर 376 स्थानो पर छापेमारी करते हुए बिजली के कनेक्शन चेक किए गए जिनमें से 158 कनेक्शन बिजली चोरी संबंधी अलग-अलग मामलों में सामने आए। इस बारे में जानकारी देते हुए हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो के एडीजीपी एएस चावला ने बताया कि विशेष बिजली चोरी अभियान के तहत प्रदेश भर में 22 टीमों का गठन किया गया था जिन में हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो के 500 पुलिसकर्मी तथा हरियाणा पावर यूटिलिटी के 70 अधिकारी तथा कर्मचारी शामिल थे। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 376 बिजली के कनेक्शन/ परिसर चेक किए गए। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान तीन औद्योगिक इकाइयों की चेकिंग करते हुए 34.81 किलोवाट, 55 नॉन डोमेस्टिक श्रेणी में 269.19 किलोवाट, 66 डोमेस्टिक श्रेणी में 197.19 किलो वाट तथा दो कृषि श्रेणी में 9.02 किलो वाट की सीधे बिजली चोरी के मामले सामने आए। इसके साथ ही रेड के दौरान तीन कनेक्शन रीसेल आफ पावर, 8 कनेक्शन श्रेणी बदलने तथा 21 कनेक्शन लोड बढ़ाने संबंधी सामने आए। इस प्रकार, अभियान के तहत की गई रेड में 158 कनेक्शन अलग-अलग श्रेणियो में बिजली चोरी करते पाए गए।



### बिजली चोरी को सहन नहीं किया जाएगा

चावला ने कहा कि हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो द्वारा की गई इस बड़ी कार्रवाई से बिजली चोरी करने वालों को यह स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया गया है कि वे बिजली चोरी ना करें और जो लोग बिजली चोरी कर रहे हैं वे सही रास्ते पर आ जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि बिजली चोरी को समाप्त करते हुए लाइन लॉस को कम से कम किया जाए।

## विश्वविद्यालयों के अस्थायी प्रोफेसरों को हटाने की तैयारी में सरकार : सैलजा



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार प्रदेश के सरकारी विश्वविद्यालयों में तैनात अस्थाई असिस्टेंट प्रोफेसर को हटाने की प्लानिंग में जुट गई है। ऐसा होने पर इन विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे हजारों छात्रों के भविष्य पर खतरा मंडराने लग जाएगा। इनकी पढ़ाई बाधित हुए बिना नहीं रह पाएगी। प्रदेश सरकार को चाहिए कि इन पदों को भरा हुआ मानते हुए खाली पड़े पदों पर भर्ती प्रक्रिया को चलाए। उन्होंने ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार उच्च शिक्षित युवाओं को सरकारी कॉलेज, विश्वविद्यालय में स्थाई नौकरी देने में पहले ही नाकाम रही है।

## युवाओं को नशे के गर्त में धकेला : ढांडा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने बढ़ते जानलेवा नशे के चलन के मुद्दे पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार के राज में प्रदेश के युवा नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं। हाल ही में सिरसा के नागरिक अस्पताल में तीन युवकों की नशे के कारण मौत होना प्रदेश के युवाओं के लिए घातक संकेत हैं। तीनों मृतक युवा थे, एक की उम्र 18 वर्ष, एक की 30 वर्ष और एक की उम्र 32 वर्ष बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति नागरिक अस्पताल के सामने ग्रीन बेल्ट में मृत मिला। वहीं एक युवक और एक व्यक्ति शहर के अलग अलग जगहों पर मृत पाए गए। प्रदेश में चिट्टे का नशा, इंजेक्शन का नशा, जहरीली शराब का नशा लगातार बढ़ रहा है।



## किसानों की आय बढ़ाने पर फोकस : दलाल

**भिवानी/चंडीगढ़।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रदेश में किसानों व पशुपालकों की आय बढ़ाने व उनके जीवन में खुशहाली लाने के लिए नई-नई योजनाएं लागू की जा रही हैं। किसानों व पशुपालकों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने किसानों से इफको द्वारा तैयार नैनो यूरिया व डीएपी का ड्रोन के माध्यम से प्रयोग करने व जहर मुक्त खेती करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ड्रोन से छिड़काव के लिए किसान को महज 100 रुपए प्रति एकड़ देना होगा, बाकि खर्च सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि गौवंश की रक्षा को लेकर प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है, इसी के चलते गौ सेवा आयोग का बजट 40 करोड़ से बढ़ाकर 400 करोड़ रुपए किया गया है।

जेपी दलाल भिवानी के मिताथल, तिगड़ाना,बिधवान और सोहासंड़ा गौशालाओं में आयोजित कार्यक्रमों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। दलाल ने मकर सक्रांति के पावन पर्व पर गौशालाओं में दिल खोलकर दान दिया।

# चुनावी मोड में कांग्रेस, लोकसभा व विधानसभा के लिए अलग-अलग कमेटियों का होगा गठन

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

सूबे में केवल सत्ताधारी दल भाजपा ही नहीं बल्कि अब कांग्रेस की ओर से भी चुनावी मुहिम तेज कर दी गई है। भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेश के सियासी दिग्गज पहले ही चुनावी मुहिम तेज कर चुके हैं, अब कांग्रेस राज्य की दस की दस लोकसभा और सभी विधानसभा सीटों को लेकर अभी से तैयारी में जुट गई है।प्रदेश कांग्रेस मामलों के प्रभारी दीपक बाबरिया और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चीफ उदयभान सिंह, नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा सभी इस मुहिम को तेज करने में जुटे हुए हैं।

यहां तक की पार्टी हाईकमान और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभी को साथ में लेकर फील्ड में उतरने की तैयारी कर ली है। इस क्रम में अभी से राज्य की सभी 90 विधानसभा सीटों को लेकर तीन-तीन सीटों पर और सभी लोकसभा की दस की दस सीटों पर वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंप दी गई है।हाईकमान के निर्देशों के अनुसार राज्य कांग्रेस द्वारा सूबे की 90 सीटों को लेकर तीन तीन सीटों पर एक समन्वयक की नियुक्ति की जाएगी। अर्थात तीस समन्वयकों द्वारा सभी सीटों को लेकर लोकसभा के अलग से तैनात किए गए समन्वयकों के साथ में मिलकर काम करेंगे। यहां पर बता दें कि कांग्रेस की ओर से लोकसभा सीटों के लिए आफताब अहमद को फरीदाबाद सीट, जबकि अंबाला लोकसभा के लिए पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता भीमसैन मेहता को अंबाला सीट पर जबकि सिरसा के लिए प्रो. संपत सिंह, विधायक जगबीर मलिक को कुरुक्षेत्र, इसी क्रम में चक्रवर्ती शर्मा को हिसार, पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी को सोनीपत, पूर्वमंत्री राव नरेंद्र को रोहतक, कांग्रेस प्रवक्ता व व्यापारी नेता को भिवानी महेंद्र गढ़, बीबी बतरा रोहतक को करनाल सीट के लिए, फरीदाबाद सीट के लिए एसएल शर्मा को गुरुग्राम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जल्द ही इसी तरह से तीन-तीन सीटों विधानसभा पर भी जिम्मेदारी पूर्व विधायकों, वर्तमान कांग्रेस विधायकों, पूर्व विधायकों को मिलने जा रही है।

### एकला चलो की नीति पर चलेगी पार्टी

कांग्रेस ने दस की दस सीटों पर समन्वयकों की ड्यूटी लगाकर साफ कर दिया है कि वे इंडिया एलायंस में शामिल आप पार्टी को हरियाणा के अंदर लोकसभा सीट नहीं देगी। पार्टी लोकसभा की सभी पर अपने प्रत्याशी उतारेगी और अपने दम पर लडेगी। कांग्रेस ने एलायंस में शामिल राजनीतिक दलों के साथ सीटों को लेकर पैरामीटर तय कर लिए हैं। जिनके आधार पर उसने हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटें अपने रखने का फैसला लिया है। चुनाव में भाजपा को मात देने के लिए देशभर की राजनीतिक पार्टियों को एकजुट करते हुए एलायंस बना है लेकिन हरियाणा में सीटों का बंटवारा करने के हक में कांग्रेस नहीं दिखाई देती। यहां पर याद दिला दें कि कांग्रेस ने लोकसभा के अतीत 2019 में हुए चुनावों को लेकर मानक तय कर लिए हैं। कांग्रेस की ओर से तय किया गया है कि जिन लोकसभा सीटों पर 2019 में प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे, वह सीट किसी दल को नहीं दी जाएगी। सूबे में भाजपा ने लोकसभा चुनाव में सभी 10 सीटें जीती थी और सभी जगह कांग्रेस के उम्मीदवार दूसरे नंबर पर रहे थे। जिसके कारण कांग्रेस ने इस बार भी हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने का फैसला लिया है।

### स्क्रीनिंग कमेटी बनाई

कांग्रेस ने अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग के लिए पांच स्क्रीनिंग कमेटियां बनाई हैं। हरियाणा की जिम्मेदारी भक्त चरणदास को दी गई है। भक्त चरणदास इस समय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता और महासचिव हैं। हरियाणा के साथ-साथ यूपी, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्लस्टर के लिए बनी स्क्रीनिंग कमेटी का भी अध्यक्ष बनाया है। कमेटी में पार्टी नेता नीरज दांगी और यशोमति ठाकुर बतौर मेंबर शामिल रहेंगे। पाटी चुनावों को लेकर सर्वे का फार्मूला अपनाने का फैसला लिया है।

# भारत आर्थिक के साथ-साथ आध्यात्मिक शक्ति भी बना

**केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने काला आंब पर शौर्य दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को किया साकार : सिंधिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पटल पर भारत को आर्थिक शक्ति के साथ-साथ आध्यात्मिक शक्ति के रूप में भी प्रस्तुत किया है जिससे भारत की साख विश्व मानचित्र पटल पर बढ़ी है। हम सब को चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को साकार करने के लिए एकजुटता के साथ अपना योगदान दें। यह बात केंद्रीय इस्पात एवं नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को पानीपत के ऐतिहासिक स्थल काला आंब पर आयोजित शौर्य दिवस कार्यक्रम के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही।



पानीपत। कार्यक्रम में द्वीप प्रज्जवलित करते केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया।

मंत्री सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए वसुधैव कुटुंबकम के नाते पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। विविधता में अनेकता होते हुए भी एकता का काम किया है। यही कारण है कि आज पूरे विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता को सराहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सब की अपने वीरों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम सब मिलकर प्रधानमंत्री की सोच को और उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाएं। सिंधिया ने कहा कि उन्हें इस बात का गर्व है कि वे एक ऐसे वीर परिवार से हैं जिन्होंने इस राष्ट्र के लिए अपनी शहादत दी।

## प्रदूषण की मार: गैर-जरूरी निर्माण कार्यों पर लगा प्रतिबंध

# दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-3 की पाबंदियां लागू, एक्यूआई 400 के पार पहुंचा

- बहादुरगढ़ में रविवार की दोपहर औसतन एक्यूआई 334 दर्ज किया गया
- दिल्ली में बीएस-3 और बीएस-4 डीजल की गाड़ियां नहीं जा सकेंगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में रह रहे लोगों को प्रदूषण की समस्या से पूरी तरह से निजात नहीं मिल पा रही। रविवार को घने कोहरे के साथ वायु की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई। दिल्ली में जहां एक्यूआई 400 के पार कर गया, वहीं बहादुरगढ़ इलाके में दोपहर को औसतन एक्यूआई 334 तक दर्ज हुआ। वहीं इसका अधिकतम स्तर 415 रहा। इन हालातों को देखते हुए एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमीशन ने एक बार फिर से दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-3 लागू कर दिया है। इसके तहत दिल्ली में बीएस-3 और बीएस-4 डीजल की गाड़ियां नहीं जा सकेंगी। निर्माण कार्य, बिल्डिंग तोड़ने सहित कई अन्य कार्यों पर रोक रहेगी। यह प्रतिबंध दिल्ली से सटे एनसीआर शहरों में भी लागू रहेगा। बहादुरगढ़ में 11 जनवरी से वायु की गुणवत्ता लगातार प्रदूषित हो रही है। 10 जनवरी को औसतन एक्यूआई 148 दर्ज किया गया था।

### पिछले कुछ महीनों से एनसीआर की आबोहवा नहीं चल रही ठीक

जबकि 11 जनवरी को आंकड़ा 240, 12 को 210, 13 को 325 तथा रविवार 14 जनवरी की दोपहर को 334 पर जा पहुंचा। रविवार को पीएम 10 का औसतन स्तर 242, न्यूनतम 126 तो अधिकतम 416 दर्ज हुआ। पिछले कुछ महीनों से एनसीआर में आबोहवा ठीक नहीं चल रही। यदि हालात सुधरते भी हैं तो कुछ ही समय बाद फिर से समस्या गहरा जाती है। अब देखने वाली बात है कि वायु की गुणवत्ता कब सुधरती है और ग्रैप की पाबंदियां हट सकेंगी। उधर, मौसम की बात करें तो रविवार की सुबह कोहरे के साथ हुई। घने कोहरे चलते दृश्यता प्रभावित रही लेकिन दोपहर को खिली तेज धूप ने लोगों को ठंड से राहत जरूर दिलाई।

## बचने को दौड़ी महिलाएं, वीडियो वायरल

# फतेहाबाद में लोहड़ी मनाते समय धमाके से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



शहर के जगजीवनपुरा में शनिवार रात को लोहड़ी मनाते समय एक हादसा हो गया। यहां लोहड़ी के लिए जलाई गई आग में अचानक से धमाका हो गया। इस लपटें भड़क गई और चिंगारी भी दूर तक गिरी। आग के आसपास घेरा बनाकर बैठे लोग उसकी चपेट में आ गए। हालांकि यहां पर हादसा टल गया। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है, जिसमें आग एकदम से भयानक तरीके से भड़क उठती है। लोगों ने दूर हटकर खुद को बचाया। मिली जानकारी के अनुसार जगजीवनपुरा में गली निवासी मिलकर गली में आग जलाकर लोहड़ी मना रहे थे। इसी दौरान अचानक से आग में एक धमाका हुआ और आग की तेज लपटें ऊपर की तरफ उठीं, जिससे वहां हड़कंप मच गया। आग के अंगारे आस पास बैठे लोगों पर पड़ते हैं। आखिर यह घटना कैसे हुई, इसका पता नहीं चला लेकिन लोगो का मानना है कि जमीन में गैस बने होने के बाद आग की तपिश से यह घटना हुई। यह गली हाल ही में सीमेंटिड नई बनाई गई थी।

## जोशी मठ के मठाधीश शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा

# जिस घर में होती भगवान की भक्ति वहां जरूर पड़ते संतों के चरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** एक शिष्य के अर्बन एस्टेट स्थित पर धर्म प्रेमियों को संबोधित करते हुए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद।

सत्संगी व धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति की अपनी एक अलग पहचान होती है उसकी साख भगवान अपने आप बना देते हैं और समाज में उस व्यक्ति की इज्जत खुद बन जाती है। इसलिए हमें सत्संग व धर्म के कार्यों में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। यह बात भारत के चार मठों में से एक जोशी मठ के मठाधीश शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने अर्बन एस्टेट-।। डालमिया निवास पर आयोजित धर्म सभा में उपस्थित धर्म प्रेमियों के बीच कही। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति जिस घर में होती है और संतों के चरण जिस घर में पड़ते रहते हैं वह घर पवित्र एवं पावन हो जाता है। पूर्व मठाधीश शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज का व्यास पूजन संजय डालमिया, ज्योति डालमिया, सरोज अग्रवाल व संचित अग्रवाल आदि ने किया।




### खबर संक्षेप

#### बाइक सवार दो युवकों से हेरोइन पकड़ी

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों को 7.50 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान डबवाली में राजकीय प्राथमिक पाठशाला क्षेत्र में बाइक सवार युवकों को रोककर उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से 7.50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

#### दूधमुंहे मासूम को छोड़कर महिला फरार

**धारूहेड़ा।** क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले मूल रूप से एमपी निवासी युवक की पत्नी एक साल के दूधमुंहे बच्चे को छोड़कर घर से फरार हो गई। उसके पति ने एक महिला पर उसकी पत्नी को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद महिला की तलाश शुरू कर दी।

## यमुनानगर की घटना, आरोपी के दिए चेक बाउंस

# भाजपा के प्रदेश सह प्रवक्ता से 75 लाख रुपये की धोखाधड़ी

- ठेकेदार अनिल ने 57 लाख रुपये एक प्रतिशत ब्जाज पर लेकर नहीं किए वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भाजपा के प्रदेश सह प्रवक्ता यमुनानगर निवासी भारत भूषण जुयाल के साथ 75 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। सरकारी विभागों को मेन पावर सप्लाई करने वाले ठेकेदार अनिल चुघ ने जुयाल से ब्याज पर लगभग 57 लाख रुपये एक प्रतिशत मासिक ब्याज पर लिए थे। मगर आरोपी ने पैसे वापस नहीं किए। अब यह पैसे बढ़कर 75 लाख रुपये हो गए हैं। आरोपी ने जो चैक उसे दिए वह भी बाउंस हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी ठेकेदार व उसकी पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।


पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की कृष्णा कालोनी निवासी भारत भूषण जुयाल ने बताया कि ठेकेदार अनिल कुमार व उनकी पत्नी दिप्ती के साथ वर्ष 2016 से पारिवारिक संबंध हैं। अनिल सरकारी ठेकेदार है जो सरकारी विभागों को मेन पावर सप्लाई का कार्य करते हैं। गत नवंबर में पेमेंट करने के लिए रुपये मांगे। आरोपी अनिल ने यह रुपये एक % मासिक ब्याज की दर के हिसाब से लिए थे। फरवरी 2023 में रुपयों की मांगे तो मुकर गया। उसने मार्च 2023 में ब्याज सहित पूरी रकम वापस करना तय किया। लेकिन फिर भी नहीं दिया।

# रिटायर्ड प्रोफेसर को साइबर ठगों ने लगाया 2.10 लाख का चूना

- लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर ठगी

**रेवाड़ी।** लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी कंटीन्यू कराने के नाम पर साइबर ठगों ने एक रिटायर्ड प्रोफेसर को 2.10 लाख रुपये का चूना लगा दिया। ठगी का पता चलने के बाद उसने साउथ रेंज साइबर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ठगों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। सती कॉलोनी में रहने वाले रिटायर्ड प्रोफेसर एसके शर्मा ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि 29 दिसंबर को उसके मोबाइल फोन पर एक कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने बताया कि उसकी लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी डिस्कंटीन्यू हो रही है।





## वैश्विक रुख से तय होगी इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल

*नई दिल्ली। शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह काफी हद तक बड़ी कंपनियों...एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के तिमाही नतीजों की घोषणा और थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर निर्भर करेगी। इसके अलावा वैश्विक रुझान भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की गतिविधियां, वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये का उतार-चढ़ाव भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, "अब सभी की निगाहें कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों पर रहेंगी। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक, एचयूएल, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट जैसे प्रमुख कंपनियां अपने नतीजों की घोषणा करेंगी।*

# दावोस की बैठक में कई देशों के एनएसए ने यूक्रेन शांति सूत्र पर की चर्चा

भाषा ▸▸ दावोस

कई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) ने यूक्रेन शांति सूत्र पर चर्चा के लिए रविवार को यहां एक बैठक की। भारत और कई अन्य देश यूक्रेन में शांति बहाली पर जोर दे रहे हैं। मेजबान स्विट्जरलैंड ने जोर दिया कि इसमें भारत अपने प्रभाव और रूस के साथ संबंधों के कारण अहम भूमिका निभा सकता है। बैठक में कई प्रतिभागियों ने भारत के रुख को दोहराया कि युद्ध कभी भी समाधान नहीं हो सकता है और स्थिति को हल करने के लिए बातचीत जरूरी है। यहां सोमवार से शुरू होने वाली 54वीं विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में हिस्सा लेने के लिए कई देशों के नेता व व्यापार जगत के लोग एकत्रित हुए हैं। बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में स्विस विदेश मंत्री इग्नाजियो कैसिस ने कहा कि रूस को शांति योजना चर्चा में शामिल होने के लिए कहा जाएगा, लेकिन रूस को मेज पर लाने के लिए कुछ देशों की मध्यस्थता की जरूरत होगी।

## 54वीं डब्ल्यूईएफ की वार्षिक बैठक आज से

### जलवायु, संघर्ष व आर्थिक संकट सभी बड़ी समस्याएं चर्चा का विषय होंगी



गाजा से लेकर यूक्रेन में संघर्ष, अंटार्कटिका या अमेजन में जलवायु परिवर्तन के खतरे, एआई के उत्पन्न डीपफेक समस्या और चुनाव को इससे खतरे, उभरते बाजारों से लेकर विकसित दुनिया तक में आर्थिक संकट तक कई समस्याएं ऐल्प्स में एक छोटे स्की रिजॉर्ट शहर में चर्चा का विषय हैं। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक का दायरा इस साल बड़ा होता दिख रहा है। मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार से होगी और यह शुक्रवार तक जारी रहेगा। इस आयोजन के लिए स्विट्जरलैंड और कुछ पड़ोसी देशों से हजारों सेना, पुलिस और अन्य सुरक्षा कर्मियों को भी तैनात किया गया है, ताकि शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले करीब 60 राष्ट्रों तथा सरकारों के प्रमुख की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। डब्ल्यूईएफ के साथ दावोस का वार्षिक संबंध 1971 में शुरू हुआ जब मंच को यूरोपीय प्रबंधन मंच के रूप में जाना जाता था। उस वर्ष, डब्ल्यूईएफ के संस्थापक क्लॉस श्वाब ने यूरोपीय आयोग के संरक्षण में दावोस कांग्रेस सेंटर में बैठक के लिए 400 से अधिक यूरोपीय व्यापारिक हस्तियों को आमंत्रित किया था।

## केंद्रीय मंत्री ईरानी वैष्णव, पुरी करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

जलवायु से लेकर संघर्ष और फर्जी खबरों तक के संकट के जवाब तलाशते हुए भारत सहित दुनियाभर के 2,800 से अधिक नेता वार्षिक पांच दिवसीय 'टॉकथॉन' के लिए दावोस में इकट्ठा होना शुरू हो गए हैं। यहां सोमवार से शुरू होने वाली 54वीं विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में 60 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष तथा शासनाध्यक्ष शामिल होंगे। भारत की ओर से तीन केंद्रीय मंत्री, तीन मुख्यमंत्री, उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी और 100 से अधिक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) इसमें शिरकत करेंगे। इसमें भारत के करीब 100 राजनीतिक तथा व्यापारिक दिग्गज भी शामिल होंगे। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में तीन केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, अश्विनी वैष्णव और हरदीप सिंह पुरी के साथ-साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया शामिल होंगे। देश के कई मंत्री बैठक में हिस्सा लेंगे।

### वित्त मंत्री सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेगी

# विशेषज्ञों को अंतरिम बजट में उपभोक्ता मांग को बढ़ावा देने के उपायों की उम्मीद

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट में उपभोग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के अलावा मुद्रास्फीति को नीचे लाने के उपायों को जारी रखेंगी। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। यह सीतारमण का लगातार छठा बजट होगा।

विशेषज्ञों ने कहा कि उपभोग को बढ़ावा देने का एक तरीका लोगों के हाथों में अधिक पैसा देना है, और ऐसा करने का एक संभावित तरीका कर स्लैब में बदलाव करना या मानक कटौती में बढ़ोतरी के जरिये लोगों पर कर का बोझ कम करना हो सकता है।

### मनरेगा की धनराशि बढ़ सकती है

एक अन्य प्रस्ताव ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना-मनरेगा के तहत धनराशि बढ़ाने और किसानों के लिए अधिक भुगतान से संबंधित है। विशेषज्ञों ने कहा कि आम चुनाव से पहले उपभोग को बढ़ावा देने के सीतारमण के प्रयास के तहत महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को अतिरिक्त प्रोत्साहन मिल सकते हैं।

### गरीब वर्ग में डिफॉल्ट की संख्या काफी बढ़ी

वाही ने कहा कि मूल्यवृद्धि का बड़ा प्रभाव समाज के गरीब वर्ग पर पड़ रहा है क्योंकि कर्ज चूक या डिफॉल्ट की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र की वृद्धि उतनी नहीं है जितना सरकार मानकर चल रही थी। सरकार का इरादा कृषि आय को दोगुना करने का था लेकिन महंगाई की वजह से इसे अभी तक हासिल नहीं किया जा सका है।



- बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की उम्मीद
- सरकार लोगों के हाथ में अधिक पैसा देनी चाह रही
- एक संभावित तरीका कर स्लैब में बदलाव हो सकता है

### समाज के कुछ वर्ग दबाव में

पंत ने कहा, 'लेकिन समाज के कुछ वर्ग दबाव में है। क्या हम उनके लिए कोई कदम उठाने को चार-पांच माह और इंतजार कर सकते हैं। यदि हम पांच महीने बाद कुछ करेंगे, तो उनकी स्थिति और खराब हो जाएगी। अंतरिम बजट में इस वर्ग के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं।'

### लेखानुदान चार माह के खर्च करने की देता है अनुमति

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेन्द्र कुमार पंत ने कहा कि लेखानुदान का मुख्य उद्देश्य सरकार को अगले वित्त वर्ष के चार महीनों के लिए वेतन, मजदूरी, ब्याज और कर्ज भुगतान के लिए पैसा खर्च करने की अनुमति देना है।

### अंतरिम बजट में नए कर प्रस्ताव नहीं होते शामिल

आमतौर पर आम चुनावों से पहले लोकसभा में पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट में नए कर प्रस्ताव या नई योजनाएं शामिल नहीं होती हैं। अंतरिम बजट में सरकार वित्त वर्ष 2024-25 के चार माह के लिए अपने खर्चों को पूरा करने के लिए संसद से अनुमति मांगेगी।

### एफएमसीजी ने दाम बढ़ाए है

विशेषज्ञों के अनुसार, अर्थव्यवस्था में सुस्त उपभोग मांग से संबंधित मुद्दों का समाधान करने की तत्काल जरूरत है। डेलॉयट इंडिया के भागीदार रजत वाही ने कहा कि कंपनियों ने एफएमसीजी और रोजमर्रा के इस्तेमाल के ज्यादातर उत्पादों के दाम पिछली आठ-10 तिमाहियों में बढ़ाए हैं।

### निम्न आय वर्ग के लोग प्रभावित हो रहे

वाही ने कहा, "ऐसे में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के प्रभाव, उत्पादन लागत में बढ़ोतरी, महंगाई, ऊंची ब्याज दरों..इन सभी चीजों से निम्न आय वर्ग के लोग प्रभावित हो रहे हैं। सिर्फ ग्रामीण इलाकों में ही यह स्थिति नहीं है, बल्कि शहरों क्षेत्रों के गरीब वर्ग को भी इसकी मार झेलनी पड़ रही है।"

## भारत से अमेरिका को इलेक्ट्रॉनिक निर्यात हुआ दोगुना : आईसीईए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत से अमेरिका को इलेक्ट्रॉनिक का निर्यात जनवरी-सितंबर 2023 में सालाना आधार पर दोगुना होकर 6.6 अरब डॉलर हो गया। उद्योग निकाय आईसीईए ने यह जानकारी दी है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के चेयरमैन पंकज महिंद्रू ने कहा कि यह भारत से अब तक का उच्चतम इलेक्ट्रॉनिक निर्यात है, जबकि अमेरिकी बाजार में चीन से आयातित इलेक्ट्रॉनिक की हिस्सेदारी में गिरावट आई है।



- इलेक्ट्रॉनिक निर्यात जनवरी-सितंबर में दोगुना होकर 6.6 अरब डॉलर

महिंद्रू ने कहा, "हालिया आंकड़े अमेरिका में भारत के इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दिखाते हैं। यह चालू वर्ष (जनवरी-सितंबर) में करीब 253 प्रतिशत बढ़कर अनुमानित 6.6 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में यह अनुमानित 2.6 अरब डॉलर था।'

### 84 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि

आईसीईए के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका को भारत का इलेक्ट्रॉनिक निर्यात 2018 में अनुमानित 1.3 अरब डॉलर से 300 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2022 में अनुमानित 4.5 अरब डॉलर हो गया था। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय इलेक्ट्रॉनिक व्यापार में भी 84 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि देखी गई है।


### ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289240



### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## रिजर्व बैंक ने तीन बैंकों पर लगाया जुर्माना ...



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियामक मानदंडों के उल्लंघन के लिए धनलक्ष्मी बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक सहित तीन बैंकों पर कुल 2.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने कहा कि 'ऋण और अग्रिम - वैधानिक और अन्य प्रतिबंध', केवाईसी और जमा पर ब्याज दर से संबंधित मानदंडों के कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए धनलक्ष्मी बैंक पर 1.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, ऋण और अग्रिम - वैधानिक और अन्य प्रतिबंध" पर कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए पंजाब एंड सिंध बैंक पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने "बैंकों में ग्राहक सेवा" पर जारी निर्देशों का पालन न करने के लिए ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक पर 29.55 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

## एफसीआई प्रौद्योगिकी अपना परिचालन लागत घटाए: गोयल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- किसानों और गरीब लाभार्थियों का भरोसा जीते सरकार

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) से अपने समग्र कामकाज में आधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने, परिचालन की लागत को कम करने और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत किसानों और गरीब लाभार्थियों का भरोसा जीतने के लिए कहा।खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री गोयल ने एफसीआई और उसके कर्मचारियों से किसी भी गलत काम को रोकने और अपने परिचालन में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करने को भी कहा। व ह खाद्यान्न की खरीद और वितरण के लिए सरकार की नोडल एजेंसी एफसीआई के 60वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। एफसीआई की स्थापना 14 जनवरी, 1965 को हुई थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने किसानों को उनकी उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने और 81 करोड़ लोगों को खाद्यान्न उपलब्ध करान के लिए एफसीआई की सराहना की। उन्होंने एफसीआई और उसके कर्मचारियों को तीन प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है।


**इश्तहार नोटिस**

न्यायालय श्री वीरेन्द्र सिंह दुल एच0सी0एस0, सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी एवं उपमण्डल अधिकारी (ना0) असन्ध, जिला करनाल (हरियाणा)
केस न0 17 / अपील दायर तिथि: 24.12.2021
मौजा: असंध आगामी तिथि 12.02.2024
1. बिमला पत्नी श्री जिले सिंह 2. प्रमीता पत्नी श्री कंवर पाल पुत्र श्री जिले सिंह 3. लक्ष्मी 4. दीक्षा 5. भारती पुत्री श्री कंवर पाल 6. युवराज पुत्र कंवर पाल पुत्र जिले सिंह निवासी आदर्श नगर असन्ध जिला करनाल।
बनाम जरनल पब्लिक
इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त वादीगण द्वारा एक अपील बराये मुतनाजा इंतकाल नं0 27643 मौजा असंध तहसील असन्ध जिला करनाल इस न्यायालय में दायर की है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्री कंवर पाल पुत्र श्री जिले सिंहं का निधन दिनांक 06-03-2020 को हो चुका हैं इसकी मृत्यु उपरान्त 6 वारिस है। 1. बिमला पत्नी श्री जिले सिंहं 2. प्रमीता पत्नी श्री कंवर पाल पुत्र श्री जिले सिंह 3. लक्ष्मी 4. दीक्षा 5. भारती पुत्री श्री कंवर पाल 6. युवराज पुत्र कंवर पाल पुत्र जिले सिंह निवासी आदर्श नगर असन्ध जिला करनाल । अपीलार्थी नं0 2 श्री प्रमिता मृतक की पहली पत्नी थी और दरखास्त अपील में श्रीमती सुजीता देवी पुत्री रणबीर सिंह गाँव बिघाना जिला जीन्द को मृतक की दूसरी पत्नी बताया गया हैं जिसने बाद में रामफूल पुत्र योगिन्द्र गाँव कलीन्दी तहसील सरदाना जिला मेरठ उत्तरप्रदेश के साथ शादी कर ली थी। अपीलार्थी श्री बिमला मृतक कंवर पाल की माता हैं तथा अपीलार्थी 3 ता 6 को जन्म श्रीमती सुजीता देवी पत्नी मृतक कंवर पाल सिंह ने दिया था। अपीलार्थी नं0 2 श्रीमती प्रमीता द्वारा एक शपथ पत्र दिया है जिसमें 6 वारिस दर्शाये गये हैं और इनके अतिरिक्त मृतक कंवर पाल का कोई वारिस नही बताया गया है तथा नगरपालिका पार्षद असन्ध द्वारा भी उक्त वारसानो की तसदीक करवाकर पेश की है जिसमें भी 6 वारिस दर्शाये गये है जोकि 1. बिमला पत्नी श्री जिले सिंह 2. प्रमीता पत्नी श्री कंवर पाल पुत्र श्री जिले सिंह 3. लक्ष्मी 4. दीक्षा 5. भारती पुत्री श्री कंवर पाल 6. युवराज पुत्र कंवर पाल पुत्र जिले सिंह निवासी आदर्श नगर असन्ध जिला करनाल है। जारी किया गया। अतः हर आम व खास को इस इशतहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी आम व खास को मृतक के बताये गये वारिसो / उत्तराअधिकारियो के बाबत कोई शक एवं ऐतराज हो तो वह स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर - 2 इस न्यायालय में दिनांक 12-02-2024 तक अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर उक्त इंतकाल की अपील मन्जूर करते हुये आदेश सुना दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इशतहार आज दिनांक 08.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा **सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी एवं उपमण्डल अधिकारी (ना0 ) असन्ध,**


## राशिफल

**मेष:** कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष:** मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन:** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला:** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु:** व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ:** मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

# लोक सेवा आयोग ने 781 कैंडिडेट्स पर लगाया बैन
# सर्वाधिक मुन्नाभाई यूपी-बिहार में, छग में शून्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव


यूपीएससी सहित विभिन्न राज्यों के लोक सेवा आयोग ने उन कैंडिडेट्स की सूची जारी कर दी है, जिन्हें विभिन्न कारणों से आगामी परीक्षाओं में बैठने के लिए प्रतिबंधित किया गया है। 2023 के अंत में यह सूची तैयार की गई है, ताकि 2024 की परीक्षाओं में इसे लागू किया जा सके। यूपीएससी सहित विभिन्न राज्यों के लोक सेवा आयोग ने 781 कैंडिडेट्स को डिबार किया है। उनके द्वारा किए गए अपराध के आधार पर उनकी सजा तय की गई है। किसी को मात्र 3 माह के लिए प्रतिबंधित किया गया है तो किसी पर आजीवन प्रतिबंध लगा है। जिन प्रतिबंध लगाया गया है, वे कैंडिडेट्स ना केवल अपने राज्य बल्कि अन्य राज्यों के लोक सेवा आयोग और यूपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में भी शामिल नहीं हो सकेंगे। मजेदार बात यह है कि इस सूची में छग लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शामिल एक भी कैंडिडेट शामिल नहीं है। अर्थात छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शामिल होने वाले किसी भी अभ्यर्थी ने ऐसा कोई जघन्य कार्य नहीं किया है, जिसके चलते उस पर प्रतिबंध लगाना पड़े। सबसे अधिक मामले चेन्नई और यूपी, बिहार के हैं। इन राज्यों के लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की गई परीक्षाओं में कैंडिडेट्स ने सर्वाधिक फर्जीवाड़े किए हैं।




### 5-10 साल के अलावा आजीवन बैन भी लगाया

उत्तरप्रदेश और बिहार लोक सेवा आयोग ने जिन कैंडिडेट्स को प्रतिबंधित किया है, उनमें से अधिकतर मामलों में अभ्यर्थी द्वारा अपने स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को परीक्षा देने के लिए बैठाया गया था। इस तरह के मामलों में 5 साल तक का प्रतिबंध कैंडिडेट्स पर लगाया गया है। वहीं यूपीएससी ने जिन्हें डिबार किया है, उनमें से अधिकतर ने अपने संदर्भ में गलत जानकारी दी थी। ज्यादातर मामलों में संघ लोक सेवा आयोग ने 10 सालों के लिए बैन लगाया गया है। इसके अलावा फेक सर्टिफिकेट सब्मिट करने के मामले भी आए हैं, जिन पर आजीवन प्रतिबंध लगा है।

## शब्द पहेली - 5395



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5394 का हल



## सूडोकु नवताल - 5405

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5404 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |



ऑस्ट्रेलियन ओपन

# जोकोविच पहली बार चार घंटे में जीते पहले दौर का मैच, प्रिज्मिक को चार सेट में हराया

एजेंसी ⏭ मेलबर्न

गत चैंपियन नोवाक जोकोविच ने 18 वर्षीय क्रोएशियाई क्वालीफायर डिनो प्रिजमिच से मिली चुनौती को पस्त करते हुए रविवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चार घंटे तक चले पहले दौर के मुकाबले में 6-2, 6-7 (5), 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। प्रिजमिच कभी भी ग्रैंडस्लैम का मैच नहीं खेले थे और उनका जन्म जोकोविच के 2005 में ग्रैंडस्लैम पदार्पण करने के सात महीने बाद हुआ था। पर उन्होंने 24 बार के मेजर विजेता को तब तक परेशान किया, जब तक वह कर सकते थे।

मेलबर्न पार्क में 2005 में ग्रैंडस्लैम पदार्पण करने वाले जोकोविच ने आस्ट्रेलियाई ओपन में ऐसा रिकॉर्ड बना दिया है जिसकी बराबरी शायद ही कोई खिलाड़ी कर सके। वह यहां 10 खिताब अपनी झोली में डाल चुके हैं। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया ओपन में लगातार 29वां मैच जीता है। वहीं, टूर्नामेंट में अपना 90वां मैच जीता। इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा मुकाबले जीतने का रिकॉर्ड रोजर फेडरर के नाम है, जिन्होंने मेलबर्न में 102 मैच जीते है।



### वाइल्ड से फ्रेंच ओपन में हारे थे रुबलेव

फ्रेंच ओपन में आंद्रे रुबलेव को शिकस्त का स्वाद चखाने वाले थियागो सेबोथ वाइल्ड ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में रविवार को यहां एक बार फिर उनके खिलाफ उलटफेर करने के करीब पहुंच गए थे। रूस के अनुभवी खिलाड़ी ने पांच सेट तक चले मुकाबले में आखिरी नौ में आठ अंक भुना कर मैच जीता। पांचवें सेट के 12वें गेम में चार मैच प्वाइंट गंवाने के बाद रुबलेव टाईब्रेकर में 5-2 से पीछे हो गए। उन्होंने धैर्य बनाए रखा और अगले नौ में से आठ अंक जीतकर 7-5, 6-4, 3-6, 4-6, 7-6 से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद वह जमीन पर लेट गए और फिर खड़े होकर ब्राजील के प्रतिद्वंद्वी को गले लगाया।

### नोवाक को मिली टक्कर

पहला सेट उम्मीद के अनुरुप हुआ लेकिन दूसरे सेट में प्रिजमिच ने बराबरी हासिल की और फिर तीसरे को ब्रेक तक ले गए जिससे दर्शकों को काफी हैरानी हुई। लेकिन फिर दुनिया के नंबर एक रैंकिंग के खिलाड़ी ने वापसी कर सेट जीत लिया। प्रिजमिच ने चौथे सेट में भी हार नहीं मानी जब वह 0-4 से पिछड़ रहे थे। उन्होंने तीन मैच प्वाइंट बचाकर स्कोर 5-3 कर दिया। अंत में जोकोविच ने चार घंटे एक मिनट तक चले मुकाबले को समाप्त किया।

### ढाई घंटे में जीते सिनर

इटली के यानिक सिनर ने विश्व रैंकिंग में 59वें पायदान पर काबिज बोटिक वान डे जैंडस्चुल्प पर 6-4, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। सिनर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के शुरुआती मैच को जीतने के लिए लगभग ढाई घंटे का समय लिया।

### वोज्नियाकी की शानदार वापसी



महिला वर्ग में कैरोलिन वोज्नियाकी ने मां बनने के बाद अपने पहले आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। 20वीं वरीयता प्राप्त माग्डा लिनेटे के मैच के दूसरे सेट में रिटायर होने से 2018 आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन वोज्नियाकी अगले दौर में पहुंची, तब वह 6-2, 2-0 से आगे चल रही थीं। वोज्नियाकी ने 2020 में संन्यास ले लिया था और फिर दो बच्चों के जन्म के बाद उन्होंने पिछले साल अमेरिकी ओपन में वापसी की थी। अब वह मारिया टिमोफीवा से भिड़ेंगी जिन्होंने अलीजे कोर्नेट को 6-2, 6-4 से मात दी।

### लेला ने दर्ज की जीत

आठवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी ने जापान की नाओ हिबिनो को 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। पिछले साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद ग्रैंड स्लैम में यह उनकी पहली जीत है। अमेरिकी ओपन 2021 की उपविजेता लेला फर्नांडीज 17 वर्षीय सारा बेजलेक को 7-6, 6-2 हराकर दूसरे दौर में पहुंची। नौवीं वरीयता प्राप्त बारबोरा क्रेजिसिकोवा से पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए माई होंटामा को 2-6, 6-4, 6-3 से शिकस्त दी।

### रिकॉर्ड 68वें मैच में हारी कॉर्नेट

रूस की क्वालीफायर मारिया टिमोफीवा ने फ्रांस की अनुभवी एलिज कॉर्नेट को 6-2, 6-4 से हराया। कॉर्नेट लगातार 68वें ग्रैंड स्लैम स्पर्धा में भाग ले रही थीं, जो महिला टेनिस का रिकॉर्ड है। अमांडा अनिसिमोवा ने करियर ब्रेक के बाद वापसी पर शानदार खेल जारी रखते हुए 13वीं वरीयता प्राप्त ल्यूडमिला सैमसोनोवा पर 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की।

## खबर संक्षेप



### पदार्पण कर रहे जेहान 16वें स्थान पर रहे

**मैक्सिको सिटी।** भारतीय रेसर जेहान दारुवाला फॉर्मूला ई के अपने पदार्पण रेस मैक्सिको ई-प्रिक्स में निराशाजनक 16वें स्थान पर रहे। पच्चीस साल के जेहान ने क्वालीफाइंग सत्र में ग्रुप ए में एक मिनट 14.469 सेकंड के साथ नौवां स्थान हासिल किया था। मासेराती एमएसजी रेसिंग टीम के इस ड्राइवर को इससे मुख्य रेस की ग्रिड में 17वां स्थान मिला। रेस की शुरुआत में उन्होंने अच्छा नियंत्रण दिखाया और 15वें स्थान पर पहुंचे लेकिन पहले लैप की समाप्ति पर वह 17वें और दूसरे लैप के बाद 20वें स्थान पर खिसक गए।

### एथलेटिक बिलबाओ तीसरे स्थान पर पहुंचा

**बार्सिलोना।** फारवर्ड एलेक्स बेरेंगुएर के दो गोल की मदद एथलेटिक बिलबाओ ने ला लिगा मैच में रियल सोसिदाद पर 2-1 से जीत दर्ज की। इस जीत से एथलेटिक बिलबाओ ने तालिका में बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड जैसी बड़ी टीमों को पीछे छोड़ दिया। टीम तालिका में तीसरे स्थान पर है और चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में बनीं हुई है। बेरेंगुएर ने आठ मिनट (32वें और 40वें) के अंदर दो गोल कर टीम के पिछले 13 मैचों से चले आ रहे अजेय क्रम को जारी रखा।

### मुलानी के प्रदर्शन से मुंबई जीत के करीब

**मुंबई।** बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई ने रविवार को यहां आंध्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में जीत की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।



मुलानी ने पहली पारी में 65 रन देकर 6 विकेट लिए जिसकी मदद से मुंबई ने आंध्र को 72 ओवर में 184 रन पर आउट कर दिया। मुंबई ने आंध्र को फॉलोआन के लिए आमंत्रित किया। आंध्र ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 166 रन बनाए हैं और उसे पारी की हार से बचने के लिए अभी 47 रन की जरूरत है।

### रणजी मैच में कर्नाटक की शानदार गेंदबाजी

**अहमदाबाद।** मध्यम गति के गेंदबाज वासुकी कौशिक की अगुवाई में कर्नाटक ने मजबूत गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत रविवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन स्टंप तक गुजरात के 171 रन तक सात विकेट झटक लिए। कर्नाटक ने सुबह पांच विकेट पर 328 रन से आगे खेलते हुए 46 रन जोड़े। सने 374 रन पर सिमटने से 110 रन की बढ़त हासिल की। गुजरात की टीम पहली पारी में 264 रन पर सिमट गई थी।

# जायसवाल-दुबे चमके, भारत ने अफगानिस्तान से श्रृंखला जीती

173 रन का टारगेट 15.4 ओवर में 4 विकेट पर हासिल किया

- जायसवाल ने 34 बॉल पर 68 रन की पारी खेली
- शिवम ने 32 बॉल पर नाबाद 63 रन बनाए
- 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की
- तीसरा मुकाबला 17 जनवरी को बेंगलुरु में होगा





भाषा ⏭ इंदौर

यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे के अर्धशतकों की मदद से भारत ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां अफगानिस्तान को 26 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 172 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। भारत ने 15.4 ओवर में चार विकेट पर 173 रन बनाकर जीत दर्ज की। तीसरा और अंतिम मैच 17 जनवरी को बेंगलुरु में खेला जाएगा।

जायसवाल ने 34 गेंद पर पांच चौकों और छह छक्कों की मदद से 68 रन बनाए जबकि दुबे ने 32 गेंद पर नाबाद 63 रन की पारी खेली जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल हैं। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की। अफगानिस्तान की तरफ से गुलबदीन नैब ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 35 गेंद पर 57 रन की पारी खेली, लेकिन अगर अफगानिस्तान अंतिम चार ओवर में 55 रन जुटाने में सफल रहा तो उसका श्रेय नजीबुल्लाह जादरान (21 गेंद पर 23 रन), मुजीब उर रहमान (नौ गेंद पर 21 रन) और करीम जनत (10 गेंद पर 20 रन) को जाता है। भारत की तरफ से तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 32 रन देकर तीन विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने फिर से किफायती गेंदबाजी करके चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट हासिल किये। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अपने 150वें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच को यादगार नहीं बना पाए और पारी के पहले ओवर में ही फजलहक फारुकी की गेंद पर बोल्ड होकर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इस तेज गेंदबाज ने अपने अगले ओवर में जायसवाल का कैच छोड़ा। भारत के सलामी बल्लेबाज ने हालांकि इस ओवर में दो छक्के लगाकर अपने तेवर दिखाये।

**अफगानिस्तान-172/10 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| गुरबाज का दुबे बो बिश्नोई | 14 |
| इब्राहिम का एवं बो अक्षर | 08 |
| नईब बो रोहित बो अक्षर | 57 |
| ओमरजई बो दुबे | 02 |
| नबी का रिंकू बो बिश्नोई | 14 |
| जदरान बो अर्शदीप | 23 |
| जनत का पटेल बो अर्शदीप | 20 |
| मुजीबुर रहमान रन आउट | 21 |
| नूर का कोहली बो अर्शदीप | 01 |
| नवीनुल हक नाबाद | 01 |
| फारूकी रन आउट | 00 |

अतिरिक्त : 11
कुल : 20 ओवर में 172 रन पर आउट
विकेट पतन : 1-20, 2-53, 3-60, 4-91, 5-104, 6-134, 7-164, 8-170, 9-171, 10-172
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-32-3, मुकेश 2-0-21-0, रवि 4-0-39-2, अक्षर 4-0-17-2, दुबे 3-0-36-1, सुदंर 3-0-23-0

**भारत- 173/4 (15.4)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का गुरबाज बो जनत | 68 |
| रोहित बो फजलहक फारूकी | 00 |
| कोहली का जदरान बो हक | 29 |
| शिवम दुबे नाबाद | 63 |
| जितेश का नबी बो जनत | 00 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 09 |

अतिरिक्त : 04
कुल : 15.4 ओवर में चार विकेट पर 173 रन
गेंदबाजी: फारूकी 3.4-0-28-1, रहमान 2-0-32-0, नवीनुल हक 3-0-33-1, नूर 3-0-35-0, नबी 2-0-30-0, करीम जनत 2-0-13-2

# सात्विक-चिराग मलेशिया ओपन में बने उपविजेता



एजेंसी ⏭ कुआलालंपुर

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी रविवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में हार गए। चीन के लियांग वेई केंग और वांग की विश्व में नंबर एक जोड़ी ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में उन्हें हराया।

इस तरह से उन्हें उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।दोनों जोड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया लेकिन एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी पहला गेम जीतने और निर्णायक गेम में 11-7 की बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई और आखिर में उन्हें लियांग और वांग से 21-9, 18-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी की लियांग और वांग के हाथों यह चौथी हार है। यह दोनों जोड़ियां पिछले साल चार बार आमने-सामने थी जिनमें चीन की जोड़ी तीन मुकाबले जीतने में सफल रही थी। सात्विक और चिराग ने इस बीच केवल कोरिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में अपनी इस प्रतिद्वंद्वी टीम को हराया था।

बनाई 2-0 की बढ़त

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 21 रन से दी मात



एजेंसी ⏭ हैमिल्टन

सलामी बल्लेबाज फिन एलेन के आकर्षक अर्धशतक और तेज गेंदबाज एडम मिल्ने के चार विकेट की मदद से न्यूजीलैंड ने रविवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 21 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाई।

पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर 10 ओवर के बाद एक विकेट पर 111 रन था। कीवी टीम 8 विकेट पर 194 रन ही बना पाई। एलेन ने 41 गेंद पर सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से 74 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से हारिस रऊफ ने 38 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 19.3 ओवर में 173 रन बनाकर आउट हो गई। उसके केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे। इनमें बाबर आजम (66) और फखर जमां (50) भी शामिल है जिन्होंने अर्धशतक लगाए। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की। इनके अलावा शाहीन शाह अफरीदी ने 22 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से एडम मिल्ने ने 33 रन देकर चार विकेट लिए। उनके अलावा टिम साउदी, बेन सीयर्स और ईश सोढ़ी ने दो-दो विकेट हासिल किए।



### दीव में हुए पहले बीच गेम्स में मध्य प्रदेश चैंपियन बना

**नई दिल्ली।** भारत के पहले मल्टी-स्पोर्ट्स बीच गेम्स "द बीच गेम्स 2024" का आयोजन दीव में ब्लू फ्लैग प्रमाणित घोघला बीच पर किया गया। इन खेलों में जमीन से घिरा हुआ मध्य प्रदेश चैंपियन बनकर उभरा। मध्य प्रदेश ने 7 स्वर्ण सहित कुल 18 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि ने न केवल मध्य प्रदेश के दल की खेल क्षमता को दिखलाया, बल्कि इस राज्य के भीतर विकसित हो रही प्रतिभाओं की गहराई को भी सामने रखा। महाराष्ट्र ने 3 स्वर्ण सहित 14 पदक जीते, वहीं तमिलनाडु, उत्तराखंड और मेजबान दादरा, नगर हवेली, दीव और दमन ने 12-12 पदक हासिल किए।

### मोहन बागान ने हैदराबाद को हराया

**भुवनेश्वर।** ऑस्ट्रेलिया के दिमित्रियोस पेट्राटोव के अंतिम क्षणों में पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से मोहन बागान सुपर जॉइंट्स ने रविवार को यहां कलिंग सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट में हैदराबाद एफसी को 2-1 से हराया। मोहन बागान ने फिर से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करके तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किये। उसके अब दो मैच में छह अंक हो गए हैं। हैदराबाद एफसी ने अपने दोनों मैच गंवाए हैं और वह खिताब की दौड़ से लगभग बाहर हो गया है। हैदराबाद एफसी ने शानदार शुरुआत की और रामहलुन्चुंगा के गोल की मदद से शुरू में ही बढ़त हासिल कर ली। पहले हाफ में हैदराबाद का दबदबा रहा और मध्यांतर तक वह 1-0 से आगे था। मोहन बागान ने दूसरे हाफ में शुरू से दबाव बनाया, लेकिन उसके खिलाड़ियों ने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। मोहन बागान की तरफ से आखिर में 88वें मिनट में स्थानापन खिलाड़ी जेरेमी ने बराबरी का गोल किया। इसके दो मिनट बाद मोहन बागान को पेनल्टी मिली और पेट्राटोव ने उसे गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की।

# उरोज के दो गोल से चिली ने चेक गणराज्य को 6-0 से रौंदा



एजेंसी ⏭ रांची

मैनुएला उरोज के दो गोल की मदद से चिली ने रविवार को यहां एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के पूल ए के अपने दूसरे मैच में चेक गणराज्य को 6-0 से हराकर खुद को पेरिस खेलों की क्वालीफिकेशन की दौड़ में बरकरार रखा। विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज चिली को इससे पहले शनिवार को जर्मनी से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। लगातार दूसरी हार के बाद विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज चेक गणराज्य की टीम इसके साथ ही ओलंपिक क्वालीफायर के दौड़ से बाहर हो गई। टीम को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में जापान से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। उरोज ने 36वें और 47वें मिनट में मैदानी गोल किए। टीम के लिए अन्य गोल कॉन्सुएलो डी लास हेरास (13वें), कैमिला कैरम (38वें), एंटोनियो मोरालेस ऑर्चर्ड (44वें) और मारिया माल्डोनाडो (58वें) ने किये। चिली अपने अंतिम पूल मैच में मंगलवार को जापान से भिड़ेगा जबकि चेक गणराज्य का मुकाबला दुनिया के पांचवें नंबर की टीम जर्मनी से होगा।

# ओलंपिक क्वालीफायर में योगेश का गोल्डन डबल

**जकार्ता।** भारतीय निशानेबाजों ने रविवार को यहां एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में स्वर्ण पदक जीतना जारी रखा। योगेश सिंह ने अमित कुमार और ओम प्रकाश के साथ मिलकर टीम स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करने से पहले पुरुष 25 मीटर व्यक्तिगत स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में भी सोने का पदक जीता।



कुवैत सिटी में शॉटगन के ओलंपिक क्वालीफायर में कम से कम दो महिला ट्रैप निशानेबाज पहले दिन के क्वालीफिकेशन के बाद सोमवार को शीर्ष छह फाइनल्स में जगह बनाने के लिए अच्छी स्थिति में थीं। योगेश ने 572 अंक से स्टैंडर्ड पिस्टल स्वर्ण पदक जीता और फिर अमित (565) और प्रकाश (553) के साथ जोड़ी बनाकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीत लिया। इससे भारत के 14 स्वर्ण और 10 रजत से कुल 32 पदक हो गए हैं। इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में यह देश का सबसे शानदार प्रदर्शन है।

सुआरेज ने इंटर मियामी से किया है एक साल का करार

# सुआरेज ने मेसी, अल्बा के साथ किया अभ्यास

एजेंसी ⏭ फोर्ट लॉडरडेल

बार्सिलोना के लिए एक साथ खेल चुके लियोनेल मेसी, लुईस सुआरेज, सर्जियो बस्केट्स और जोर्डी एल्बा ने अमेरिका के मेजर सॉकर लीग की टीम इंटर मियामी फुटबॉल क्लब के लिए एक साथ अभ्यास किया। इंटर मियामी का सत्र पूर्व अभ्यास शिविर आधिकारिक तौर पर शनिवार को शुरू हुआ।

सुआरेज पहली बार टीम के अभ्यास सत्र में पहुंचे जहां 2014 में बार्सिलोना के उनके तीन अन्य पूर्व साथी पहले से मौजूद थे। सुआरेज ने पिछले महीने ही इंटर मियामी से एक साल का करार किया है। सुआरेज ने कहा, 'मेरी लिए एक ऐसी टीम में खेलना शानदार होगा जिसमें कई जाने-माने खिलाड़ी हैं। इन खिलाड़ियों को हर कोई जानता है। मेरा यह नया क्लब एमएसएल चैंपियन बनना चाहता है और मुझसे उसकी यही उम्मीद है कि मैं इस में पेशेवर तरीके से उनकी मदद करूं।' सुआरेज और मेस्सी ने बार्सिलोना में एक साथ छह सत्र खेले हैं। टीम ने इस दौरान चार स्पेनिश लीग खिताब और नौ अन्य ट्रॉफियां जीतीं, जिसमें एक चैंपियंस लीग खिताब भी शामिल था।



### छेत्री को अगले मैच में दमदार प्रदर्शन का भरोसा

**दोहा।** करिश्माई भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने एएफसी एशियाई कप के पहले मैच में मजबूत ऑस्ट्रेलिया से 0-2 की हार के बाद टीम के साथी खिलाड़ियों से उज्बेकिस्तान के खिलाफ मैच पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया है।



'ब्लू टाइगर्स' ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम को पहले हाफ में गोलरहित बराबरी पर रोके रखा। विश्व कप 2022 के अंतिम 16 में पहुंचने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम ने हालांकि दूसरे हाफ में दो गोल के दम पर जीत दर्ज की।

चिंतन

# डब्ल्यूईएफ से वैश्विक अर्थव्यवस्था को उम्मीदें

आज जब विश्व कई आर्थिक संकटों का सामना कर रहा है, पिछले एक दशक से वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त बनी हुई है, कई बार सरकारें भुगतान संकट में फंस चुकी हैं, रूस व यूक्रेन जंग, हमास व इजराइल संघर्ष, पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई आदि के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था पर आसन्न संकट बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में सोमवार से दावोस में शुरू हो रहे विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक पर विश्व की निगाहें टिकी हुई हैं। रविवार को कई देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) ने यूक्रेन शांति सूत्र पर चर्चा के लिए एक बैठक की। भारत और कई अन्य देश यूक्रेन में शांति बहाली पर जोर दे रहे हैं। पहली बार दुनियाभर के 90 राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक का गवाह दावोस बना है। स्विट्जरलैंड के खूबसूरत शहर दावोस में शुक्रवार तक चलने वाली बैठकों में सैकड़ों देशों के 2,800 से अधिक नेता विश्व के तमाम मुद्दों पर चर्चा करेंगे। गाजा से लेकर यूक्रेन में संघर्ष, अंटार्कटिका या अमेजन में जलवायु परिवर्तन के खतरे, एआई के उत्पन्न डीपफेक समस्या और चुनाव को इससे खतरे, उभरते बाजारों से लेकर विकसित दुनिया तक में आर्थिक संकट तक डब्ल्यूईएफ में चर्चा का विषय होंगे। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक का दायरा इस साल बड़ा है। डब्ल्यूईएफ के साथ दावोस का वार्षिक संबंध 1971 में शुरू हुआ जब मंच को यूरोपीय प्रबंधन मंच के रूप में जाना जाता था। उस वर्ष, डब्ल्यूईएफ के संस्थापक क्लॉस श्वाब ने यूरोपीय आयोग के संरक्षण में दावोस कांग्रेस सेंटर में एक बैठक के लिए 400 से अधिक यूरोपीय व्यापारिक हस्तियों को आमंत्रित किया था। इस 54वीं विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में 60 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष तथा शासनाध्यक्ष शामिल होंगे। भारत की ओर से तीन केंद्रीय मंत्री, तीन मुख्यमंत्री, उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी और 100 से अधिक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) इसमें शिरकत करेंगे। विश्व आर्थिक मंच पांच दशक से अधिक समय से दावोस में इस बैठक की मेजबानी कर रहा है। कई मौकों पर यहां प्रमुख चिंताओं के लिए सकारात्मक परिणाम निकाले गए हैं। मंच खुद को दुनिया की स्थिति में सुधार के लिए प्रतिबद्ध सार्वजनिक-निजी सहयोग के लिए एक अंतरराष्ट्रीय संगठन के रूप में पेश करता है। बैठक से पहले ऑनलाइन आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में डब्ल्यूईएफ के अध्यक्ष बोर्गे ब्रेंडे ने कहा कि यह बैठक बेहद जटिल और सबसे चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक परिदृश्य में होगी। इस साल वार्षिक बैठक का विषय 'रीबिल्डिंग ट्रस्ट' (फिर से भरोसा कायम करना) है। इस समय दुनिया गंभीर रूप से भरोसे के संकट से गुजर रही है। अमेरिका, चीन, रूस, ईरान समेत कई देश हैं जो अपने अपने हित के लिए ग्लोबल गोलबंदी में फंसे पड़े हैं। डब्ल्यूईएफ का कहना है कि बैठक आर्थिक वृद्धि, जलवायु तथा प्रकृति कार्रवाई, ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी प्रशासन और मानव विकास सहित वैश्विक अनिवार्यताओं पर बातचीत, सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देगी। अगर डब्ल्यूईएफ की बैठकों से विश्व में चल रहे आर्थिक संकटों का हल निकालने की दिशा में कुछ भी ठोस कार्ययोजना तैयार हो सकी तो यह बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। इस वक्त खाद्यान्न संकट, ऊर्जा संकट, ईंधन आपूर्ति, हरित विकास आदि प्रमुख ग्लोबल आर्थिक समस्या बने हुए हैं।

# हमारी सेना हर मुकाबले को तैयार



सेना दिवस
डॉ. एल.एस. यादव

चीन व पाकिस्तान की सीमा पर बेहतर निगरानी के लिए जल्द ही नया सैटेलाइट बनाया जाएगा। चीन व पाक से किसी भी स्थिति में निपटने के लिए भारतीय सेना ने जम्मू कश्मीर की उत्तरी व पश्चिम सीमा पर स्वदेश निर्मित हाईटेक ड्रोन की तैनाती कर रखी है। लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सीमा पर सड़कों के जाल बिछाया गया है। सैन्य ताकत के रूप में भारतीय थल सेना में इस समय 14 लाख सक्रिय सैनिक हैं। इसके अलावा 3565 युद्धक टैंक, लड़ाई में प्रयोग आने वाले वाहन 3100, आर्म्ड पर्सनल कैरियर्स 336 तथा आर्टिलरी गन 9729 हैं। इसके अतिरिक्त सेना के पास परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अनेक प्रकार की मिसाइलें हैं।

सेना दिवस स्वतन्त्र भारत के इतिहास का वह स्वर्णिम अवसर है जब 15 जनवरी 1949 को सेना प्रमुख के तौर पर एक भारतीय नागरिक लेफ्टिनेंट जनरल के.एम.करियप्पा को तत्कालीन ब्रिटिश कमान्डर-इन-चीफ जनरल सर फ्रांसिस बूचर से सेना की आधिकारिक कमान सौंप दी गई थी। इसके अगले वर्ष 1950 से 15 जनवरी को देश में सेना दिवस मनाए जाने की परम्परा की शुरूआत हुई। तब से सेना ने देश को सही मायने में अखण्ड भारत बनाए रखने में शीर्ष योगदान दिया है। यही नहीं तबसे भारतीय सेना की ताकत में भी लगातार इजाफा हुआ है।

चीन की सीमा पर उसके साथ पिछले वर्ष जो तनाव शुरू हुआ था वह अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। अब चीन सीमा के नजदीक सेना पूरे वर्ष मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहेगी, क्योंकि रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण सेला टनल के तैयार हो जाने से भारतीय सेना के जवानों की पहुंच हर मौसम में चीन सीमा तक बनी रहेगी। यह टनल चीन सीमा तक पहुंचने के लिए प्राकृतिक रास्ते सेला दर्रे से 4200 मीटर नीचे खुदाई करके बनाई गई है। सेला दर्रा जहां साल के अधिक दिनों बर्फ से ढके रहने के कारण बंद रहता है वहीं सेला टनल पूरे वर्ष आवागमन के लिए खुली रहेगी। इस टनल की मदद से भारतीय सेना आसानी से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों एवं हथियारों की तैनाती कर सकेगी। यह टनल चीन के सीमावर्ती इलाके से अरुणाचल प्रदेश और देश के बाकी हिस्से को पूरे वर्ष जोड़े रखेगी। इस सुरंग का शिलान्यास 1 अप्रैल 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। योजना के मुताबिक इसे तीन वर्षों में पूरा किया जाना था, परन्तु कोविड के कारण इसे समय पर पूरा नहीं किया जा सका। अब इसका काम पूरा होने वाला है और जनवरी 2024 में प्रधानमंत्री कभी भी इसे देश को समर्पित कर सकते हैं।

चीन ने पैंगांग झील के उत्तरी हिस्से में अपनी सेनाएं तैनात कर रखी हैं, जिससे यह स्पष्ट है कि इस इलाके में उसकी मंशा पीछे हटने की नहीं है। ऐसे में भारतीय सेना अपने नियंत्रण वाले उंचाइयों के स्थानों को छोड़ने के पक्ष में बिल्कुल नहीं है। चीन सीमा पर भयंकर सर्दी पड़ने के कारण मौसम खराब रहता है इसके बावजूद सेना ने वहां पर जमे रहने की अपनी पूरी तैयारी कर रखी है। ऐसे में चीन सीमा पर बराबर लम्बे समय तक डटे रहने और सर्दी से बचने के उपायों की तैयारी पूरी कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि दोनों देशों की सेनाओं के कमांडरों के बीच कई दौर की वार्ता के बेनतीजा रही है। ऐसे में एलएसी पर तैनाती बनाए रखना आवश्यक है क्योंकि चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक, हिमाचल प्रदेश व उत्तराखण्ड से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा तक अपनी सैन्य तैयारी बढ़ा रखी है।

चालू वर्ष में भारतीय सेना हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट से लैस हो जाएगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की मांग पर दुनिया की पहली बीआईएस लेबल 5 एवं बीआईएस लेबल 6 की सबसे हल्की एवं मजबूत मेड इन इंडिया अभेद्य दो तरह की बुलेटप्रूफ



जैकेट बनाने में सफलता हासिल कर ली है। इसके अनेक परीक्षणों के बाद डीआरडीओ ने इस स्वदेशी हल्की बुलेटप्रूफ जैकेट की स्वीकृति प्रदान कर दी है। बीआईएस लेबल 5 बुलेटप्रूफ जैकेट का वजन 8.2 किलोग्राम और बीआईएस लेबल 6 बुलेटप्रूफ जैकेट का वजन 9.2 किलोग्राम है जो विदेशी जैकेटों की तुलना में क्रमशः एक व ढाई किलोग्राम कम है। फिलहाल भारतीय सेना के जवान बीआईएस लेबल 5 की 10 किलोग्राम वजन वाली विदेशी जैकेटों का प्रयोग करते हैं। नई जैकेटें वजन में हल्की होने के साथ ही साइज में अधिक चौड़ी हैं और स्नाइपर गन की 6 से 8 गोलियां झेल सकती हैं।

चीन व पाकिस्तान की सीमा पर बेहतर निगरानी के लिए थल सेना की सभी कमांड केन्द्र व अन्य सेनाओं से तालमेल बनाए रखने हेतु जल्द ही नया सैटेलाइट बनाया जाएगा। इसका निर्माण इसरो द्वारा किया जाना है। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने गत वर्ष न्यू स्पेस इंडिया से 2963 करोड़ रुपये का समझौता किया था। यह सैन्य उपग्रह तकरीबन पांच टन वजन का होगा। यह एक एडवांस्ड कम्यूनिकेशन सैटेलाइट होगा जो सेना के हर मिशन की सटीक जानकारी देगा और खुफिया संचार में भी मदद करेगा। यूं तो भारतीय सेना के पास अनेक तरह के सैन्य उपग्रह हैं, लेकिन यह नई सीरीज का आधुनिक उपग्रह होगा। यह एक प्रकार का जियोस्टेशनरी उपग्रह होगा जिससे रियल टाइम इमेजरी हो सकेगी तथा इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस के जरिए सर्विलांस करना आसान होगा। उल्लेखनीय है कि इसरो भारतीय सेना के लिए कई सैन्य उपग्रह बना चुका है। आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस की महत्ता को देखते हुए भारतीय सेना इसके प्रयोग पर फोकस कर रही है। चीन व पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से किसी भी स्थिति में निपटने के लिए भारतीय सेना ने जम्मू कश्मीर की उत्तरी व पश्चिम सीमा पर स्वदेश निर्मित हाईटेक ड्रोन की तैनाती कर रखी है। ये पहाड़ी इलाकों में वजन ले जाने में भी सक्षम हैं। चीन सीमा पर सैन्य ऑपरेशन के दौरान गोला-बारुद की आपूर्ति, मशीनगनों और राइफलों के मेंटिनेंस पर भी सेना सजग है। इन मसलों को लेकर अक्टूबर 2023 में मध्य भारत एरिया के सैन्य मुख्यालय में 6 राज्यों के सैन्य कमांडर एवं वरिष्ठ सैन्य अधिकारी एकत्र हुए थे। इसमें मुख्य मुद्दा गोला-बारूद के स्टॉक को तत्काल सीमा तक पहुंचाने का था। इसके साथ ही सेना की भविष्य की रणनीति व सामरिक तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया।

चीन सीमा पर जारी तनाव को देखते हुए भारतीय सेना ने अपनी हवाई रक्षा क्षमता को बढ़ावा देने की दिशा में भी अपने कदम बढ़ा लिए हैं। इसके लिए सेना ने जमीन से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइल रेजिमेंट को गठित किया है। अत्याधुनिक स्वदेशी हथियार प्रणाली से सुसज्जित यह रेजिमेंट हवाई क्षेत्र में शत्रु के किसी भी दुस्साहस का उत्तर देने तथा जमीन से हवा में मिसाइल फायर करने में सक्षम है। यह रेजीमेंट लड़ाकू विमानों, यूएवी, हेलीकॉप्टर, सुपरसोनिक मिसाइल जैसे हवाई लक्ष्यों का एक साथ सामना करने एवं हवाई सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सेना की आपूर्ति व्यवस्था में कोई परेशानी न आए, इसके लिए सीमा पर बिछाई गई सड़कों के जाल ने स्थिति को बेहतर बना दिया है। सैन्य ताकत के रूप में भारतीय थल सेना में इस समय 14 लाख सक्रिय सैनिक हैं। इसके अलावा 3565 युद्धक टैंक, लड़ाई में प्रयोग आने वाले वाहन 3100, आर्म्ड पर्सनल कैरियर्स 336 तथा आर्टिलरी गन 9729 हैं। इसके अतिरिक्त सेना के पास परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अनेक प्रकार की मिसाइलें हैं। ऐसी ताकतवर सेना किसी भी शत्रु सेना को हर क्षेत्र में पराजित करने के लिए सक्षम है।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

नया शोध
बाल मुकुन्द ओझा



# बोतलबंद पानी सेहत के लिए अत्यंत जहरीला

आजकल बोतल का पानी पीने का रिवाज व्यापक रूप से प्रचलन में है। घर हो या बाहर हर जगह बोतल का पानी सर्व सुलभ है। इस पर हुए अनेक शोध में बोतलबंद पानी को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया गया है। हाल ही में इसे लेकर हुए एक नए शोध में कई हैरान करने वाले खुलासे हुए। अमेरिका में हुए नए अध्ययन में सामने आया है कि दुकानों में बिकने वाले बोतलबंद पानी में लाखों छोटे-छोटे प्लास्टिक के कण होते हैं, जो शरीर की कोशिकाओं को प्रभावित कर सकते हैं। शोध में स्पष्ट रूप से इस पानी को जहरीला बताया। रिपोर्ट में बताया गया है पानी की बोतल में मिलियन की संख्या में छोटे प्लास्टिक के टुकड़े होते हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को हानि पहुंचा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने पहली बार दोहरे लेजर का उपयोग करके माइक्रोस्कोप द्वारा पता लगाया है कि बोतलबंद पानी के औसत लीटर में दो मिलियन से अधिक छोटे नैनोप्लास्टिक के अदृश्य टुकड़े होते हैं। कोलंबिया एंड रटगर्स यूनिवर्सिटीज के शोधकर्ताओं पता लगाया है कि तीन कॉमन बोतलबंद वाटर ब्रांड के प्रत्येक के पांच नमूनों को देखते हुए पाया एक लीटर पानी में 110,000 से 400,000 प्लास्टिक के टुकड़े थे, जो औसतन लगभग 240,000 हैं। ऐसे कण हैं जिनका आकार एक माइक्रोन से भी कम है। एक इंच में 25,400 माइक्रोन होते हैं - जिन्हें माइक्रोमीटर भी कहा जाता है क्योंकि यह एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। एक इंसान का बाल लगभग 83 माइक्रोन चौड़ा होता है।

अध्ययनों में थोड़े बड़े माइक्रोप्लास्टिक्स पाए गए थे जिनकी रेंज 5 मिलीमीटर से लेकर एक चौथाई इंच से भी कम, एक माइक्रोन तक है। अध्ययन में पाया गया कि बोतलबंद पानी में माइक्रोप्लास्टिक की तुलना में लगभग 10 से 100 गुना अधिक नैनोप्लास्टिक पाए गए। आज घर घर में प्लास्टिक ने अपना कब्ज़ा जमा लिया है। एक मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार प्लास्टिक की बोलत में पानी पीने से डायबिटीज सहित शरीर के विभिन्न अंगों में स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या भी हो सकती है। ये बोलतें बाइफिनाइल एक एस्ट्रोजन-मिमिकिंग केमिकल होता है, जो डायबिटीज, मोटापा, प्रजनन संबंधी समस्याएं, व्यवहार संबंधी समस्याएं और लड़कियों में जल्दी प्यूबर्टी का कारण बनता है। बताया जाता है प्लास्टिक से होने वाली हानि से सुरक्षित रहने के लिए प्लास्टिक की बोतल के बजाय तांबे, कांच या स्टेनलेस स्टील की बोतल से पानी पीना अधिक सुरक्षित है ।

पीने के पानी से लेकर खाने की प्लेट तक प्लास्टिक हमारी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन गया है। प्लास्टिक सस्ता और आसानी से उपलब्ध होने वाला विकल्प है। इसलिए हमारी रोजमर्रा की चीजें या तो प्लास्टिक से बनी होती हैं या उनके निर्माण में प्लास्टिक की भूमिका होती है। केन्द्रीय पर्यावरण नियन्त्रण बोर्ड के एक अध्ययन के मुताबिक एक व्यक्ति एक साल में 6 से 7 किलो प्लास्टिक कचरा बिखेरता है। इस प्लास्टिक कचरे से नालियां बंद हो जाती है, धरती की उर्वरा शक्ति खत्म हो जाती है, भूगर्भ का जल अपेय बन जाता है, रंगीन से कैंसर जैसे असाध्य रोग हो जाते हैं। आज वैश्विक स्तर पर प्रतिव्यक्ति प्लास्टिक का उपयोग जहां 18 किलोग्राम है वहीं इसका रिसायक्लिंग मात्र 15.2 प्रतिशत ही है। प्लास्टिक प्रदूषण मानव जीवन के समक्ष एक बड़े खतरे के रूप में उभरा है।

देश और दुनिया में शायद ही कोई ऐसा घर, ऑफिस या कोई जगह हो जहां प्लास्टिक का उपयोग ना होता हो। यह सही है की प्लास्टिक के उपयोग ने मनुष्य के जीवन को बहुत सरल बना दिया है। लेकिन इसका व्यापक स्तर पर उपयोग होने की वजह से यह अब धरती पर रहने वाले प्रत्येक जीव के लिए खतरा बनता जा रहा है। भारत में प्रत्येक दिन 9205 टन प्लास्टिक का कचरा जमा होता है और इसे रिसाइकल किया जाता है. इसके साथ ही करीब 6100 टन ऐसा प्लास्टिक कचरा होता है, जो धरती पर स्थित नदी, नालों और पर्वतों पर ही पड़ा रहता है। एक रिपोर्ट के अनुसार अकेला भारत देश हर वर्ष 56 लाख टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है। रिपोर्ट के मुताबिक प्लास्टिक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने के कारण इसका निपटारा करना दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती है। प्लास्टिक का नष्ट होना 500 से 700 साल बाद शुरू होता है और प्लास्टिक को पूरी तरह से नष्ट होने में 1000 साल का समय लगता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
दर्शन

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

## अच्छे कार्य करने से गुरु शिष्य को कभी न रोके



संकलित
प्रेरणा

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

अंतर्मन




आज की पाती

### ऑनलाइन शॉपिंग में बढ़ी मुश्किलें

आजकल देश में ऑनलाइन शॉपिंग का दौर भी पूरे जोरों पर शुरू हो चुका है, क्योंकि इससे खासतौर पर उन्हें फायदा होता है जो समय के अभाव के कारण शॉपिंग करने बाजार नहीं जा सकते। लेकिन कभी कभी यह शॉपिंग लोगों के लिए मुश्किल भी पैदा कर देती है। अक्सर यह खबर भी पढ़ने और सुनने को मिलती है कि किसी ने सामान मंगवाया कुछ होता है और संबंधित कंपनी भेज कुछ और देती है, या फिर वो सामान का बिल नहीं भेजती। कुछ ऑनलाइन कंपनियां ऐसी भी हैं जो सोशल साइट्स पर लोगों को अपने जाल में फंसाकर पुराना या घटिया सामान भी बेचती हैं। सरकार को चाहिए कि ऑनलाइन शॉपिंग में उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित करने के लिए भी कोई कठोर कदम उठाए। सरकार को आम उपभोक्ताओं के पक्ष में कोई कानून बनाना चाहिए। - *कमल किशोर पांडे, दुर्ग*

ट्रेंड

### समर्पण के प्रतीक सैनिक



सैनिक सीमाओं के सजग प्रहरी ही नहीं, राष्ट्र के प्रति त्याग और समर्पण के भी प्रतीक हैं। सैनिक केवल अपने परिवार के बारे में नहीं सोचता बल्कि देश और समाज को सुरक्षित रखने की सदा चिंता करता है।

-कलराज मिश्र, राज्यपाल, राजस्थान

### एफसीआई भ्रष्टाचारमुक्त बने



भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करे, परिचालन लागत घटाए, 'भ्रष्टाचार-मुक्त' बने। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत किसानों और गरीब लाभार्थियों का भरोसा जीते।

-पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री

### इतिहास दोहराएगा



'टाइगर जिंदा है' और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस) 2004 का वह इतिहास इस बार दोहराएगा, जब 'भारत उदय' अभियान के बावजूद भाजपा को पराजित किया गया थी।

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

### प्रतिभा नहीं है क्या



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास क्या अपनी कोई प्रतिभा नहीं है। भाजपा के उन कार्यकर्ताओं का क्या जिन्होंने पार्टी के लिए कड़ी मेहनत की है। उनका यह बयान पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवरा के कांग्रेस छोड़ने की पृष्ठभूमि में आया है।

-सुप्रिया सुले, राकांपा नेता

करंट अफेयर

## इजराइल हमास के खिलाफ जीत मिलने तक लड़ेगा

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में जारी युद्ध के 100 दिन पूरे होने के बीच कहा कि इजराइल हमास के खिलाफ जीत मिलने तक युद्ध जारी रखेगा और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) समेत कोई उसे रोक नहीं सकता। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने दक्षिण अफ्रीका के इन आरोपों को लेकर दो दिन सुनवाई की कि इजराइल फलस्तीनियों का जनसंहार कर रहा है। इजराइल ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। नेतन्याहू ने आईसीजे में सुनवाई के बाद यह बयान दिया। दक्षिण अफ्रीका ने न्यायालय से इजराइल को यह आदेश देने का अनुरोध किया है कि वह अपने भीषण हवाई और जमीनी हमलों को अंतरिम कदम के तहत रोके।



आईसीजे का मुख्यालय हेग में है। नेतन्याहू ने ईरान और उसके सहयोगी मिलिशिया का जिक्र करते हुए शनिवार शाम को टेलीविजन पर प्रसारित टिप्पणियों में कहा, 'हमें कोई नहीं रोकेगा, न हेग, न कोई और।' अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के समक्ष मामले की सुनवाई वर्षों तक चलने की संभावना है लेकिन अंतरिम कदमों पर फैसला कुछ हफ्तों के भीतर आ सकता है। न्यायालय के फैसले बाध्यकारी हैं लेकिन उन्हें लागू करना कठिन है।

ऑफ बीट

## जिज्ञासु बच्चों का सवाल : दुनिया में कितना पैसा है?

लंदन के 10 वर्षीय सुबामे का सवाल है कि दुनिया में कितना पैसा है? अगर हम यह कहें कि दुनिया में कितना धन है तो इसकी शुरुआत लोगों की जेब,



गुल्लक, अलमारी तथा नकदी मशीनों में रखे सभी नोट और सिक्कों की गिनती से करना सही होगा। चलिए पाउंड से शुरू करें। सिक्कों और नोट के रूप में करीब 84 अरब पाउंड की ब्रिटिश मुद्रा है। साथ ही 2,236 अरब डॉलर अमेरिकी मुद्रा, 1,578 अरब यूरो की यूरोपीय संघ की मुद्रा और 9,616 अरब युआन की चीनी मुद्रा के साथ ही कई अन्य मुद्रा में धन मौजूद है। चूँकि हर देश में पैसा एक जैसा नहीं होता है, दुनिया के सभी सिक्कों और नोटों को जोड़ने का मतलब है कि आपको यह मापने की ज़रूरत है कि ब्रिटिश पाउंड में एक अमेरिकी डॉलर, एक भारतीय रुपया या एक चीनी युआन का मूल्य कितना है। अगर ताजा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार ऐसा किया जाए तो इसके जोड़ने पर कुल 6,113 अरब पाउंड बैठेगा। यह धन राशि बहुत तेजी से बदल सकती है। और हो सकता है कि जब आप इस लेख को पढ़ें तो यह पहले ही पुरानी हो जाए। इसका आंशिक कारण यह है कि देश हर समय पैसा छापते रहते हैं।


हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## दक्षिण में पोंगल, उत्तर में मकर संक्रांति, मध्य भारत में उत्तरायण और पूर्व में बिहू के नाम से मनाया जा रहा त्योहार

# पोंगल 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को प्रतिबिंबित करता है : मोदी

### मोदी दिल्ली में पोंगल त्योहार में शामिल हुए, गाय की पूजा की, शाह ने अहमदाबाद में पतंग उड़ाई

**चेन्नई/दिल्ली (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पोंगल 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की राष्ट्रीय भावना को प्रतिबिंबित करता है और यही भावनात्मक जुड़ाव काशी-तमिल संगमम् और सौराष्ट्र-तमिल संगमम् में भी देखने को मिला। केंद्रीय मंत्री एल.मुरुगन के राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास पर आयोजित पोंगल समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि तमिलनाडु के हर घर में उत्सव का उत्साह देखा जा रहा और सभी लोगों के जीवन में खुशी, समृद्धि और संतुष्टि की कामना की। प्रधानमंत्री ने 'कोलम' (रंगोली) के साथ भारत की विविधता की समानता बताते हुए कहा कि जब देश का हर कोना एक-दूसरे के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ता है, तो देश की ताकत एक नए रूप में दिखाई देती है। मोदी ने कहा, ''पोंगल का त्योहार एक भारत श्रेष्ठ भारत की राष्ट्रीय भावना को दर्शाता है।'' उन्होंने कहा कि यह भी कहा कि काशी-तमिल संगमम् और सौराष्ट्र-तमिल संगमम् द्वारा शुरू की गई परंपरा में यही भावना देखी गई, जिसमें बड़ी संख्या में तमिल समुदाय के लोगों की उत्साही भागीदारी दर्ज की गई। प्रधानमंत्री ने कहा, ''एकता की यही भावना 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिये सबसे बड़ी ताकत है।



#### हर त्योहार का गांव, फसल और किसान से संबंध : मोदी

मोदी बोले, मैंने लाल किले से जिस पंच प्रण का आह्वान किया था, उसका मुख्य तत्व देश की एकता को ऊर्जा देना और एकता को मजबूत करना है।'' प्रधानमंत्री ने संत कवि तिरुवल्लूर का उद्धृत करते हुए राष्ट्र निर्माण में शिक्षित नागरिकों, ईमानदार कारोबारियों और अच्छी फसल के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पोंगल के दौरान नयी फसल को भगवान को समर्पित किया जाता है और इस उत्सव के केंद्र में 'अन्नदाता किसान' होते हैं। उन्होंने भारत के हर त्योहार के गांव, फसल और किसान से संबंध को रेखांकित किया।





गुजरात में उत्तरायण के अवसर पर इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल मनाया जा रहा है। राजस्थान के जयपुर में आराध्य देव गोविंददेव जी का मकर संक्रांति के मौके पर पतंगों से श्रृंगार किया गया। इसके अलावा वाराणसी, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के गंगासागर में लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। देशभर के मंदिरों में भाजपा ने आज से सफाई अभियान की शुरुआत की है।





#### कांग्रेस अध्यक्ष का केंद्र पर हमला

## देश में तानाशाही रवैया, भाजपा खत्म कर रही लोकतंत्रः खड़गे

भाषा ▶▶ इंफाल



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में तानाशाही रवैया चल रहा है तथा भाजपा लोकतंत्र खत्म कर रही है। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को हरी झंडी दिखाने से पहले खड़गे ने यह दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मणिपुर वोट मांगने आए थे, लेकिन राज्य के लोग जब हिंसा के कारण मुश्किल में आए, तो वह नजर नहीं आए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने न्याय यात्रा के जरिये ऊंची उड़ान का हौसला बनाया है। खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी चार सिद्धांतों न्याय, स्वतन्त्रता, समता और बंधुता के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, मोदी जी वोट मांगने आते हैं, लेकिन जब मणिपुर के लोग मुश्किल में आए, तो वह नजर नहीं आए। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, मोदी जी समुद्र के पास घूमते हैं और बैठकर राम राम करते है... मुंह में राम, बगल में छुरी नहीं होनी चाहिए। खड़गे ने कहा, देश में तानाशाही रवैया चल रहा है। वो लोग भी चुनकर आए हैं, हम भी चुनकर आए हैं। भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर रही है।

### इंडियाः बंगाल-पंजाब-यूपी में फंसा सीट शेयरिंग पर पेंच



**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया में सीट शेयरिंग समेत गठबंधन के अध्यक्ष और संयोजक पद पर भी असमंजस की स्थिति है। सूत्रों के मुताबिक, शनिवार 13 जनवरी को हुई वर्चुअल मीटिंग में चेयरपर्सन के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम पर सहमति बनी, लेकिन संयोजक के नाम पर फैसला नहीं हो सका। मीटिंग के बाद एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा, 'हमारे बीच चर्चा हुई कि हम जल्द सीट शेयरिंग पर फैसला लेंगे।' जेडीयू भी सीट शेयरिंग में हो रही देरी से नाराज है। पार्टी के महासचिव और मुख्य प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा, 'हमारी चिंताएं हैं कि सीट शेयरिंग जल्दी हो और जॉइंट कैंपेन होना चाहिए। चुनाव में मुश्किल से दो महीने बचे हैं और अभी सीट शेयरिंग भी नहीं हुई।

### अयोध्या के लिए शुरू की 50 इलेक्ट्रिक बसें



**अयोध्या (उप्र) (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अयोध्या धाम में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हुये ई वाहनों (50 इलेक्ट्रिक बसों एवं 25 ई ऑटो) को हरी झंडी दिखाई। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने 'डिजिटल टूरिस्ट ऐप' और अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट की भी शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या धाम में श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जन परिवहन की अच्छी सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

#### प्राण प्रतिष्ठा : फिरोजाबाद के व्यापारियों की पहल

## राम, सीता, हनुमान की चित्र वाली चूड़ियां निःशुल्क भेंट करेंगे निर्माता

भाषा ▶▶ फिरोजाबाद



अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में यूं तो कई तरह से लोग अपनी सहभागिता कर रहे हैं, लेकिन फिरोजाबाद के चूड़ी व्यापारियों ने समारोह में आने वाली महिलाओं को राम, सीता एवं हनुमान की चित्र वाली चूड़ियां निशुल्क भेंट करने का संकल्प लिया है। फिरोजाबाद के चूड़ी निर्माता आनन्द अग्रवाल एवं उनके पुत्र निशांक अग्रवाल ने चूड़ी एवं कंगनों के ऊपर प्रभु श्री राम, माता सीता एवं मारुति नंदन हनुमान के चित्रों की आकृतियां उकेर कर उन्हें मनमोहक रूप में तैयार किया है। व्यापारी आनन्द अग्रवाल ने बताया कि विभिन्न रंगों में आकर्षक डिजाइनों के बीच इन चित्रों के लगभग 10,000 पैक तैयार किया जा रहे हैं जो 22 एवं 23 जनवरी को राम जन्मभूमि समारोह स्थल पर पर स्टॉल लगाकर वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि समारोह में आने वाली महिलाओं में इनका वितरण निशुल्क किया जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि इसके लिए समारोह समिति से भी अनुमति ले ली गई है। उन्होंने बताया कि मंदिर आंदोलन के दौरान खुद कारसेवक के रूप में उन्होंने न केवल सहभागिता की थी अपितु इस दौरान वह दो दिन पुलिस हिरासत में भी रहे थे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




## सैन्य कमांडर उपेंद्र द्विवेदी ने किया खुलासा

# लद्दाख सीमा में हालात सामान्य नहीं कश्मीर में पाक की आतंकी साजिशें

भाषा ▶▶ श्रीनगर

सेना के एक शीर्ष कमांडर ने रविवार को कहा कि उत्तरी सीमा पर हालात स्थिर हैं लेकिन 'सामान्य नहीं' हैं। उन्होंने यह टिप्पणी लद्दाख क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण (एलएसी) के संदर्भ में की। उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि मई 2020 में पूर्वी लद्दाख के सात गतिरोध वाले स्थानों में से पांच का समाधान भारतीय सेना और जन मुक्ति सेना (पीएलए) ने कर लिया है और बाकी दो स्थानों के लिए बातचीत जारी है।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि उत्तरी सीमा पर स्थिति स्थिर है लेकिन समान्य नहीं है या मैं कह सकता हूं कि यह संवेदनशील है।' संभवतः पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए सैन्य कामंडर ने कहा कि पड़ोसी देश पुंछ-राजौरी इलाके में आतंकवादी हमले की साजिश रच रहा है क्योंकि वह इलाके में चल रहे विकास कार्यों को पसंद नहीं करता।

### सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया

- सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस हर साल 14 जनवरी को मनाता है
- कश्मीर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा
- शांति और समृद्धि का माहौल पड़ोसी को रास नहीं



### पुंछ-राजौरी क्षेत्र में लोगों के जीवन में समृद्धि आई

पुंछ-राजौरी क्षेत्र में लोगों के जीवन में समृद्धि आई है और जीवनस्तर में सुधार आया है। निवेश आ रहा था और लोगों को नौकरियां मिल रही हैं, लेकिन शांति और समृद्धि हमारे पड़ोसी को रास नहीं आ रही। श्रीनगर में सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे थे। सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस हर साल 14 जनवरी को मनाता है क्योंकि इसी दिन 1953 में पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल केएम करियप्पा औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त हुए।

### '2023 को शून्य घुसपैठ वर्ष घोषित किया गया'

### पुलिस, सेना और स्थानीय लोगों में और समन्वय की जरूरत

लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने भरोसा जताया कि आने वाले दिनों में आतंकवादी गतिविधियों को नियंत्रित कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इलाके में पुलिस, सेना और स्थानीय लोगों के बीच और बेहतर समन्वय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पुलिस थानों की संख्या बढ़ाई जा रही है और हमने मुख्य धारा में जोड़ने के कुछ कार्यक्रम शुरू किये है। इससे स्थिति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। सैन्य कमांडर ने कहा कि 2023 को 'शून्य घुसपैठ वर्ष' घोषित किया गया है क्योंकि कोई भी आतंकवादी नियंत्रण पार कर देश में दाखिल होने में सफल नहीं हुआ है।

### विश्व के सर्वश्रेष्ठ बलों में एक भारतीय सशस्त्र बलः वायुसेना प्रमुख चौधरी



नई दिल्ली(भाषा)। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने कहा कि युद्ध के समग्र परिदृश्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने बदलते समय के साथ स्वयं को बदला है। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने आठवें 'सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस' पर यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व सैन्यकर्मियों के जज्बे, नेतृत्व और दूरदर्शिता ने आज के सशस्त्र बलों की नींव रखी है। दिल्ली छावनी में आयोजित कार्यक्रम में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, सेना के तीनों अंगों अधिकारी, पूर्व सैन्यकर्मी सदस्य भी शामिल हुए।

## भारत के पहले स्टील स्लैग हाइवे का उद्घाटन



मुंबई। राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-66 मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारत के पहले नेशनल हाइवे स्टील स्लैग रोड का निर्माण हो गया है, जिसका उद्घाटन नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. सारस्वत ने किया। इस रोड में स्टील स्लैग रोड टेक्नोलॉजी, स्टील उद्योग के कचरे का इस्तेमाल हुआ। यह एक मजबूत, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल सड़क निर्माण करने का एक अच्छा विकल्प है।

## जयशंकर दो दिवसीय यात्रा पर ईरान पहुंचे

नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर दोनों देशों के बीच चल रहे उच्च स्तरीय बैठक के हिस्से के रूप में 14 जनवरी को ईरान की यात्रा पर आज रवाना हो गए। विदेश मंत्रालय के मुताबिक वे 14 से 15 जनवरी तक ईरान के दौरे पर रहेंगे। अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर अपने ईरानी समकक्ष, होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन से मिलकर द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा, राजनीतिक सहयोग, कनेक्टिविटी पहल जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे चर्चा में शामिल होंगे। बता दें कि पिछले वर्ष नवंबर में ईरान की राजधानी तेहरान में 18वां भारत-ईरान विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) आयोजित किया गया था। भारत का नेतृत्व विदेश सचिव विनय क्वात्रा और ईरान का नेतृत्व ईरानी उप विदेश मंत्री अली बाघेरी ने किया। भारत और ईरान चाबहार बंदरगाह सौदे पर आगे बढ़ रहे हैं, जो दोनों देशों के लिए एक महत्वपूर्ण विकास है।



### भारत और ब्राजील यूएनएससी में शामिल होः बेल्जियम के पूर्व पीएम

कोलकाता (भाषा)। बेल्जियम के पूर्व प्रधानमंत्री यवेस लेटरमे ने भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का स्थायी सदस्य बनाए जाने की पुरजोर वकालत करते हुए कहा है कि इस तरह के कदम से परिषद की वैधता और प्रतिनिधित्व में बढ़ोतरी होगी।



लेटरमे ने कहा कि यूएनएससी को 21वीं सदी की वास्तविकताओं के अनुरूप ढलने की आवश्यकता है। उन्होंने भारत के भू-राजनीतिक कद को ऊंचा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश ने बहुपक्षीय परिदृश्य में मजबूत स्थिति बना ली है। लेटरमे ने संपर्क सुविधा की नयी पहल 'भारत पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारे' (आईएमईसी) की सराहना की और उसे चीन की 'बेल्ट एंड रोड' पहल (बीआरआई) का पूरक बताया। लेटरमे ने यूक्रेन-रूस संघर्ष के भू-राजनीतिक परिणाम का जिक्र करते हुए बहुपक्षीय संस्थानों में अधिक न्यायसंगत भूमिकाएं दिए जाने की वकालत की।

### रानी मार्गरेट द्वितीय के राजगद्दी छोड़ने के बाद फ्रेडरिक दशम डेनमार्क के नए राजा घोषित

कोपनहेगन (एजेंसी)। डेनमार्क के प्रधानमंत्री ने रविवार को युवराज फ्रेडरिक को फ्रेडरिक दशम के तौर पर देश का नया राजा घोषित किया। यह घोषणा रानी मार्गरेट द्वितीय द्वारा औपचारिक रूप से राजगद्दी छोड़ने के बाद की गई। रानी मार्गरेट द्वितीय (83) देश के 900 साल के इतिहास में पहली शासक हैं जिन्होंने स्वेच्छा से राजगद्दी छोड़ी है। कई हजार लोग उस महल के बाहर एकत्र हुए थे जहां उनके बेटे और नए राजा की ताजपोशी की जा रही थी। मार्गरेट ने क्रिश्चियनबोर्ग पैलेस में डेनिश कैबिनेट की बैठक के दौरान त्यागपत्र पर हस्ताक्षर किए, जो कोपेनहेगन में विशाल परिसर है। प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने हजारों लोगों के सामने महल की बालकनी से फ्रेडरिक को राजा घोषित किया।



### मुइज्जू फिर भारत विरोध में उतरे

## भारत 15 मार्च तक मालदीव से अपने सैनिकों को हटाए

माले (भाषा)। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने चीन से लौटते ही अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। उन्होंने एक बार फिर भारत से अपने सैनिकों को वापस बुलाने को कहा है। मुइज्जू ने आधिकारिक तौर पर भारत को अपने सैनिक हटाने के लिए 15 मार्च तक का समय दिया है। रविवार को मीडिया से बात करते हुए मालदीव के प्रेसिडेंट ऑफिस के प्रवक्ता अब्दुल्ला नजीम इब्राहिम से कहा- भारतीय सैनिक मालदीव में नहीं रह सकते। राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी सरकार की यही नीति है। मालदीव के मीडिया ने वहां की सरकार के हवाले से बताया कि मालदीव में फिलहाल 88 भारतीय सैनिक मौजूद हैं।



**हाई कमिश्नर से मीटिंग के बाद बोले, यही मुइज्जू सरकार की नीति**

**भारत और मालदीव में आधिकारिक वार्ता शुरू**

### मालदीव में क्या कर रहे भारतीय सैनिक

भारत ने मालदीव को 2010 और 2013 में दो हेलीकॉप्टर और 2020 में एक छोटा विमान तोहफे के तौर पर दिया था। इस पर मालदीव में काफी हंगामा हुआ। मुइज्जू के नेतृत्व में विपक्ष ने तत्कालीन राष्ट्रपति सोलिह पर 'इंडिया फर्स्ट' नीति अपनाने का आरोप लगाया था। भारत का कहना है कि उपहार में दिए गए विमान का इस्तेमाल खोज-बचाव अभियानों और मरीजों को लाने के लिए किया जाना था। मालदीव की सेना ने 2021 में बताया था कि इस विमान के संचालन और उसकी मरम्मत के लिए भारतीय सेना के 70 से ज्यादा जवान देश में मौजूद हैं।

## मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की पार्टी मेयर पद का चुनाव हारी

माले (भाषा)। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को झटका देते हुए भारत-समर्थक विपक्षी दल 'मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी' (एमडीपी) ने राजधानी माले के मेयर चुनाव में प्रचंड जीत हासिल कर ली है। एमडीपी उम्मीदवार आदम अजीम को माले का नया मेयर चुना गया है। यह पद हाल तक मुइज्जू के पास था। मुइज्जू ने पिछले साल राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए पद से इस्तीफा दे दिया था।



**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9813974232; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **SHAHBAD:** Basant Honda - 9416155053; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 9215593704; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307; **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9878885615; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**